शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 14 – 26 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:18 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जहर मरने के लिए थोड़ा, मगर जीने के लिए बहुत सारा पीना पड़ता है।




सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं







RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# जम्मू-कश्मीर में सेना की गाड़ी खाई में गिरी, 10 जवानों की मौत

## आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए जा रहे थे जवान



### मौंके पर चार, बाद में छह और जवानों ने तोड़ा दम

**भद्रवाह/जम्मू :** सैनिकों को आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए ले जा रहा सेना का एक बख्तरबंद वाहन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित खन्नी टॉप पर उस समय हुआ, जब सेना के बुलेटप्रूफ वाहन 'कैस्पर' के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और यह 200 फुट गहरी खाई में जा गिरा। 'कैस्पर' एक 'माइन-रेजिस्टेंट एंबुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी)' वाहन है, जिसे सैनिकों को उन संवेदनशील इलाकों से सुरक्षित रूप से गुजरने की सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जहां बारूदी सुरंगें बिछाए जाने या आईईडी (संवर्द्धित विस्फोटक उपकरण) लगाए जाने की आशंका अधिक होती है। सेना के जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि खराब मौसम में दुर्गम इलाके से गुजरते समय वाहन सड़क से फिसल गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद सेना और पुलिस ने तत्काल संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया, हालांकि तब तक चार सैनिकों की जान जा चुकी थी और 17 अन्य घायल अवस्था में पाए गए। उन्होंने बताया कि बचाव दल को सेना का वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला। अधिकारियों के मुताबिक, बचाव अभियान के दौरान बाद में, चोटों के चलते छह और सैनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, घायल जवानों में से एक की हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे भद्रवाह उप-जिला अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है, जबकि 10 अन्य को विशेष उपचार के लिए हवाई मार्ग से उधमपुर कमान अस्पताल ले जाया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया 'गहरा दुख'

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सड़क दुर्घटना में सेना के जवानों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''डोडा में हुए हादसे से गहरा दुख हुआ है, जिसमें हमने अपने बहादुर सैन्यकर्मियों को खो दिया है। राष्ट्र के लिए उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा।'' मोदी ने कहा, ''घायल व्यक्ति जल्द से जल्द स्वस्थ हों। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।''

# एसआईआर को लेकर मानसिक तनाव ने 110 लोगों की ली जान : ममता

## नामी हस्तियों को मिले नोटिस के खिलाफ एकजुट आंदोलन का किया आह्वान



मुख्यमंत्री ने 49वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मानसिक तनाव और दहशत के कारण अब तक कम से कम 110 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दिन, उन्होंने सेंट्रल पार्क में 49वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि उनकी नयी पुस्तक का इस मेले में विमोचन होगा। ममता ने कहा कि बुजुर्ग सहित सैकड़ों लोगों को सुनवाई के लिए एसआईआर शिविरों में कतार में खड़ा होना पड़ रहा है और प्रतिदिन पांच-छह घंटे खुले में इंतजार करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तार्किक विसंगतियों के नाम पर वे (निर्वाचन आयोग) बंगालियों के उपनाम को लेकर सवाल पूछ रहे हैं, जो (उपनाम) वर्षों से ज्ञात और स्वीकृत हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ममता बनर्जी और ममता बंद्योपाध्याय, दोनों नाम से जाना जाता है। उसी तरह चटर्जी और चट्टोपाध्याय एक ही उपनाम हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान ठाकुर को टैगोर नाम से भी जाना जाने लगा। ममता ने कहा कि अगर रवींद्रनाथ टैगोर जीवित होते, तो शायद उन्हें भी आज इस स्थिति का सामना करना पड़ता। उन्होंने दावा किया कि दो या दो से अधिक बच्चों वाले माता-पिता से उनकी उम्र में अंतराल के बारे में स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है और बुजुर्ग लोगों से जन्म प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी माताएं हमें सटीक जन्मतिथि नहीं बता सकतीं। यहां तककि (पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी) वाजपेयी जी ने भी मुझे बताया था कि 25 दिसंबर उनकी असली जन्मतिथि नहीं है। मेरे पास माध्यमिक (कक्षा 10 की राज्य बोर्ड परीक्षा) के प्रमाण पत्र हैं जिनसे मेरी जन्मतिथि प्रमाणित होती है। लेकिन पुरानी पीढ़ियों के कई ऐसे लोग हैं जिनके पास शायद ये कागजात न हों। उन्हें क्यों परेशान किया जाए?

**सीबीआई छापे के डर से एसआईआर पर लिखी कविता जारी करने से किया इनकार**

ममता ने कहा कि मैंने एसआईआर पर कविता लिखी है, लेकिन उसे जारी नहीं कर सकती क्योंकि मैं जब भी अपनी भावनाएं कला के जरिए व्यक्त करने की कोशिश करती हूं तो सीबीआई का छापा पड़ जाता है या फिर नोटिस आ जाता है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के अपमान के कारण मैंने अपनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगानी भी छोड़ दी है। मेरी प्रदर्शनियों को भी सीबीआई की जांच के दायरे में लाया गया। मैंने प्रदर्शनियों से हुई कमाई का एक पैसा अपने पास नहीं रखा है। सारी राशि एनजीओ को दान कर दी थी। मुख्यमंत्री के तौर पर भी मैंने सरकार से एक पैसा वेतन या भत्ते के रूप में नहीं लिया है।

**कोलकाता में 'बोई तीर्थ' बनाने की घोषणा**

मुख्यमंत्री ने सेंट्रल पार्क में बोई तीर्थ (पुस्तक केंद्र) के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले का आयोजन करने वाली संस्था पब्लिसर्स एंड बुकसेलर्स गिल्ड महाकाल धाम व जगन्नाथ धाम की तरह बोईतीर्थ का निर्माण करना चाहती है। इस बाबत राज्य सरकार की ओर से उसे 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

## इंटाली में 'लिफ्ट शाफ्ट' में गिरने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इंटाली इलाके में निर्माणाधीन इमारत में एक तीन वर्षीय लड़के की कथित तौर पर खुले 'लिफ्ट शाफ्ट' (लिफ्ट लगाने का गहरा गड्ढा) में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार की दोपहर को तब घटी जब बच्चा अपनी मां के साथ पास की एक इमारत की चौथी मंजिल की छत पर कपड़े लेने गया था। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला कि मां ने बच्चे को छत से नीचे जाने के लिए कहा। लेकिन जब वह नीचे लौटी तो लड़का गायब था। उन्होंने बताया कि बच्चे के पिता ने बाद में रात में एंटाली पुलिस थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आसपास के इलाकों की तलाशी ली और निर्माणाधीन इमारत के खाली 'लिफ्ट शाफ्ट' के पास लड़के को बेहोश पाया। पुलिस ने बताया कि बच्चे को पास के अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## सरकार ने जनगणना के पहले चरण में नागरिकों से पूछे जाने वाले प्रश्नों की अधिसूचना जारी की

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को 33 प्रश्नों की सूची जारी की, जो एक अप्रैल से शुरू होने वाले जनगणना के पहले चरण के दौरान नागरिकों से पूछे जाएंगे। बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक राजपत्र अधिसूचना में, भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने घर के फर्श और छत में प्रयुक्त सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, घर का मुखिया पुरुष है या महिला, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी एवं आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार जैसे प्रश्न सूचीबद्ध किए हैं। अधिसूचना में कहा गया है, ''केंद्र सरकार निर्देश देती है कि सभी जनगणना अधिकारी, भारत की जनगणना 2027 के संबंध में आवास गणना और घर-सूचीकरण के माध्यम से जानकारी एकत्र करने के लिए उक्त सभी सूचीबद्ध प्रश्न पूछ सकते हैं।''

# झारखंड: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2.35 करोड़ रुपये के इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए



शाह ने नक्सलियों से की अपील, हिंसा की विचारधारा को छोड़ विकास की मुख्यधारा से जुड़ें

**चाईबासा :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली नेता अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए। अनल दा पर 2.35 करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों में पांच महिलाएं शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि किरीबुरु थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारंडा वन के कुमडी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा इकाई के लगभग 1,500 जवान इस अभियान में लगे हुए थे। सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) साकेत कुमार सिंह ने बताया, हमने 15 माओवादियों के शव बरामद किए हैं, जिनमें उनका शीर्ष नेता पतिराम मांझी उर्फ अनल दा भी शामिल है, जिस पर 2.35 करोड़ रुपये का इनाम था। मुठभेड़ सात घंटे तक चली और उसके बाद देर शाम तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। 15 शवों में से 11 की पहचान हो चुकी है और शेष चार माओवादियों की पहचान जारी है। सिंह ने कहा, झारखंड में मुठभेड़ के बाद 15 माओवादियों के शव बरामद होने का यह पहला मामला है। इससे पहले, अधिकतम संख्या आठ थी। उन्होंने कहा कि मिसिर बेसरा को छोड़कर, झारखंड में भाकपा (माओवादी) के सभी केंद्रीय समिति सदस्य मारे गए हैं। सीआरपीएफ के आईजी ने कहा पिछले साल केंद्रीय समिति के दो सदस्य मारे गए और इस साल एक मारा गया। उन्होंने बताया कि अब राज्य में सिर्फ 60-65 माओवादी बचे हैं, और वो भी सिंहभूम में। सिंह ने कहा, लड़ाई का आखिरी दौर चल रहा है और हम इसे जल्द ही खत्म करेंगे। सीआरपीएफ के आईजी ने माओवादियों से सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करने या फिर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) माइकल राज एस ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 'ऑपरेशन मेगाबुरु' में मारे गए 15 माओवादियों में से पांच महिलाएं हैं।

## संसद के बजट सत्र से एक दिन पहले 27 जनवरी को होगी सर्वदलीय बैठक

**नयी दिल्ली :** संसद के आगामी बजट सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें दोनों सदनों के विधायी कार्यों और कुछ अन्य विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और केंद्रीय बजट एक फरवरी (रविवार) को पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बीते शुक्रवार को बताया था कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक सर्वेक्षण और आम बजट पेश करेंगी। संसदीय परिपाटी के मुताबिक, इस बार भी बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। इस बार एक फरवरी रविवार को है।

# मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की

## द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा से बातचीत की और इस बात पर जोर दिया कि 'ग्लोबल साउथ' के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वह जल्द ही भारत में, ब्राजील के राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति के बीच फोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने साझा चुनौतियों से निपटने में सुधारित बहुपक्षवाद के महत्व पर जोर दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति लूला से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की, जो आने वाले वर्ष में नयी ऊंचाई को छूने वाली है।'' उन्होंने कहा, ''ग्लोबल साउथ के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए हमारा घनिष्ठ सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं जल्द ही, भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य विकासशील और अल्प विकसित देशों का समूह है। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने और आने वाले वर्ष में इसे और भी ऊंचाई पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया है, ''नेताओं ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने साझा चुनौतियों से निपटने में सुधारत्मक बहुपक्षवाद के महत्व पर भी जोर दिया।''

# दुनिया में सब की चिंता करता है भारत : मोहन भागवत



**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत दुनिया में सब की चिंता करता है और उसने अनेक अवसरों पर अपना पेट काटकर भी अन्य देशों की मदद की है। उन्होंने कहा कि हिंसा और अहिंसा का संदर्भ भी धर्म के आधार पर ही होता है। भागवत ने नागौर जिले के छोटी खाटू कस्बे में 162वें मर्यादा महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में हुआ। भागवत ने वैश्विक परिदृश्य का विश्लेषण करते हुए कहा कि ''वर्तमान में व्यक्ति और देश चाहे जो भी हो.. मेरा स्वार्थ पूरा होना चाहिए, ऐसा सोचते हैं। लेकिन भारत न तो इस मार्ग पर चला है और न ही चलेगा।'' उन्होंने कहा, ''भारत विश्व में सब की चिंता करता है। भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जिसने अनेक आपदा व संकट के अवसर पर सेवा कार्य किया है। अपना पेट काटकर भी भारत ने अन्य देशों की मदद की है। यही धर्म है।'' आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''धर्म हमें करणीय व अकरणीय का ज्ञान देता है। हिंसा, अहिंसा का संदर्भ भी धर्म के आधार पर होता है। हम लाठी सीख रहे हैं, तो चाहे जैसे नहीं चलाएंगे। लाठी का संदर्भ हिंसा-अहिंसा के संदर्भ में ही उसका प्रयोग मर्यादा अनुसार हो।'' एक बयान के अनुसार सरसंघचालक ने कहा, ''हम सब अलग-अलग दिखते हैं, लेकिन मूल में एक ही हैं। सभी अपने हैं, ये मानकर जीवन जीने में अपने आप मर्यादा आती है। सब अपने हैं, सबका जीवन चलना चाहिए। यही धर्म हमें सिखाता है।'' उन्होंने कहा कि जीवन की सभी समस्याएं कानून से हल नहीं होती है, उससे आगे धर्म से भी अनेक समस्याओं का हल होता है।

# न्यायालय ने बसंत पंचमी पर भोजशाला में हिंदुओं को दी पूजा की अनुमति, मुस्लिम को नमाज की इजाजत

## भोजशाला में बसंत पंचमी की पूजा व नमाज को लेकर कड़ी सुरक्षा



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश के धार जिले में स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद स्थल पर बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने, जबकि मुसलमानों को अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है। न्यायालय ने बृहस्पतिवार को यह भी निर्देश दिया कि नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की सूची जिला प्रशासन को दी जाए। हिंदू और मुस्लिम समूहों ने 23 जनवरी शुक्रवार को भोजशाला परिसर में धार्मिक रस्मों के लिए अनुमति मांगी थी। उस दिन बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा भी है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने दोनों पक्षों से परस्पर सम्मान और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। पीठ ने कहा, ''एएसजी (अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल) और महाधिवक्ता, दोनों ने उचित सुझाव दिया है कि यह जानने के बाद कि कल (शुक्रवार) दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए मुस्लिम समुदाय से कितने लोगों के आने की संभावना है, परिसर के भीतर एक विशेष और अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि निर्धारित समय पर नमाज अदा की जा सके।'' न्यायालय ने कहा, ''इसी प्रकार, पहले की तरह, बसंत पंचमी के अवसर पर पारंपरिक अनुष्ठान के लिए हिंदू समुदाय को एक अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए।'' पीठ ने जिला प्रशासन को उस स्थान पर कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, ''कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन आगंतुकों के लिए निशुल्क उपयुक्त पास जारी कर सकता है या किसी भी अप्रिय घटना को टालने और अनुष्ठानों/रस्मों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अन्य उचित उपाय कर सकता है।'' हिंदू समुदाय, भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित 11वीं शताब्दी का स्मारक है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करने के लिए मजबूत संबंध महत्वपूर्ण : जयशंकर ने ईयू दूतों से कहा



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम कम कर सकते हैं। विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों के दूतों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। दोनों पक्षों के बीच जल्द ही शिखर सम्मेलन होने वाला है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''मैंने उनसे (दूतों) दुनिया की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की, जिसमें अस्थिरता और अनिश्चितता अब सामान्य बात हो गई है।'' जयशंकर ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच गहरे संबंध मजबूत व्यापार, आवागमन और सुरक्षा साझेदारी के माध्यम से वैश्विक व्यवस्था को स्थिर कर सकते हैं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से 27 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। ये दोनों यूरोपीय नेता भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कोस्टा और वॉन डेर लेयेन 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगे।

## ट्रंप ने 'शांति बोर्ड' का किया अनावरण, भारत रहा अनुपस्थित

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में स्थायी शांति स्थापित करने और संभवत: वैश्विक संघर्षों का समाधान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रस्तावित 'शांति बोर्ड' का बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में औपचारिक रूप से अनावरण किया, लेकिन भारत इस मौके पर अनुपस्थित रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन कई वैश्विक नेताओं में शामिल थे जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत घोषित बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस स्थित पहाड़ी रिसॉर्ट में आयोजित वार्षिक विश्व आर्थिक मंच(डब्ल्यूईएफ) के इतर इस समारोह की मेजबानी की। ट्रंप ने अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए इस बोर्ड को 'दुनिया के लिए एक बेहद अनोखी पहल'' बताया। उन्होंने बोर्ड के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में कहा, ''यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि अन्य जगहों पर भी युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है।''

## आपसी जुड़ाव व लेखन कला निखार की पहल

निस्संदेह डिजिटल दौर के नशे में डूबी पीढ़ी वास्तविक रिश्तों से दूर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्रों की लिखने की आदत भी छूटती जा रही है। लेखन हमारी मौलिक व सार्थक अभिव्यक्ति है और सेहत से भी जुड़ा है। पुरानी कहावत है–जिसके बहुत सारे दोस्त होते हैं उसका कोई दोस्त नहीं होता। कमोबेश मौजूदा दौर में हकीकत यही है कि जिनके सोशल मीडिया में हजारों–लाखों मित्र व फॉलोवर होते हैं वे निजी जीवन में नितांत एकाकी होते हैं। यह घातक प्रवृत्ति बच्चों में भी तेजी से घर कर रही है। लेखन में हमारी उंगलियों के पोर इस्तेमाल होते हैं, जिनके सिरे हमारे विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य से गहरे तक जुड़े रहते हैं। कलम या पेन से लेखन हमारे बौद्धिक विकास में भी सहायक होता है। लेकिन आज मोबाइल व कंप्यूटर, लेपटॉप व टैबलेट के दौर में बच्चे लेखन से दूर होकर खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते। इस संकट को महसूस करते हुए सीबीएसई ने छात्रों को मित्रों से जुड़ाव व उनकी लेखन कला को निखारने के लिए अभिनव पहल की है। बोर्ड ने डाक विभाग के साथ मिलकर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 'इंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन–2026' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी दिया जाएगा। छात्रों को जो पत्र लिखने का विषय दिया गया है वह मौजूदा हालात में बेहद रोचक व उपयोगी है। छात्र को अपने दोस्त को पत्र लिखना है कि मौजूदा डिजिटल दौर में लोगों का आपसी जुड़ाव व बातचीत क्यों जरूरी है। दरअसल, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सोच को विस्तार देना और उनकी लेखन कला को निखारना है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रतिभागी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र को स्विट्ज़रलैंड के बर्न स्थित यूपीए हेड क्वार्टर का दौरा करने का अवसर मिल सकता है। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी नौ से पंद्रह साल के ही होने चाहिए। वे अपनी एंट्री अंग्रेजी व हिंदी में भी दे सकते हैं। प्रतिभागी अपने स्कूल के माध्यम से ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। निश्चित रूप से बच्चों में लिखने की घटती प्रवृत्ति के दौर में यह एक रचनात्मक प्रयास है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया स्क्रॉल करते बच्चे न केवल रचनात्मक लेखन से वंचित हो रहे हैं, बल्कि अपने दोस्तों से भी कटते जा रहे हैं, जिसका असर उनकी याददाश्त व सृजन क्षमता पर भी पड़ रहा है। एक समय था बच्चे डायरी लेखन व स्कूलों में कविता व लेख लिखने को खासे उत्सुक होते थे। दोस्तों के साथ खेल के मैदान और घर पर खेलना उन्हें शारीरिक व मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखता था। लेकिन आज बच्चे ऑनलाइन खेलों में इतने मस्त हो जाते हैं कि उन्हें अपने असली दोस्तों का ख्याल ही नहीं रहता। वे जीवन की वास्तविक चुनौतियों से दूर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, आज शारीरिक सक्रियता के अभाव के कारण बच्चे छोटी उम्र में ही वयस्कों जैसे रोगों के शिकार होते जा रहे हैं। ये रोग शारीरिक भी हैं और मानसिक भी हैं। छात्र अपना बचपन स्वाभाविक रूप से नहीं जी पा रहे हैं। सही मायनों में वे समय से पहले वयस्क होते जा रहे हैं। एक समय बच्चों की लेखन क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। परीक्षा में बाकायदा सुंदर लेखन के अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। लेकिन आज बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध शॉर्टकट के जरिये हर परीक्षा पास करना चाहते हैं। कट–पेस्ट संस्कृति ने उनकी मौलिक सोच व सृजनात्मकता को ग्रहण लगा दिया। अक्सर छात्र प्रतियोगात्मक परीक्षाओं व लेखन प्रतिस्पर्धाओं में ऑनलाइन माध्यमों व इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री को हेर–फेर के साथ प्रस्तुत करते देखे जा रहे हैं, जो उन्हें व्यावहारिक जीवन की प्रतिस्पर्धा में कमजोर बनाता है। ऐसे में सीबीएसई व पोस्टल विभाग की पहल अनुकरणीय व प्रशंसनीय है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 जनवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष पंचमी, 25:44 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 14:21 तक, योग : परिघा, 15:50 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:18, चन्द्रोदय : 09:06, चन्द्रास्त: 21:30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 10:26 से 11:48

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को राजनीतिक क्षेत्र में सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

**वृष :** आपकी राशि से द्वितीय भाव में बृहस्पति के अशुभ योग से मन में तनाव, दुख, चिंता और मानसिक अशांति हो सकती है। इसके बाद भी आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा।

**मिथुन :** आज कुंभ राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम की वृद्धि कर रहा है। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के स्वामी चन्द्रमा अष्टम भाव में संचार कर रहे हैं। ऐसे में यह किसी आंतरिक विरोध या टकराव को जन्म दे सकता है। इस दौरान व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा।

**सिंह :** आज कुम्भ राशि पर चन्द्रमा सप्तम का और प्रथम भाव में सिंह राशि गत केतु अभीष्ट सिद्धि कारक है। ऐसे में र के लिए उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या :** आज आपकी राशि से द्वादश केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। ऐसे में आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

**तुला :** राशि पर पंचम घर का चन्द्रमा एकादश भाव में केतु आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक :** राशि का स्वामी कुंभ राशि का होकर चतुर्थ भाव में पुराने रोग ऋण से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान–पान में संयम रखें।

**धनु :** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि पर वक्री है। ऐसे में गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मकर :** आपकी राशि पर तृतीय शनि षष्ठम गुरु का प्रभाव है। नवम भाव में केतु विवेकपूर्ण कार्य संपादन, रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिल सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है।

**मीन :** आज आपकी राशि से चन्द्रमा द्वादश लक्ष्मी विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

# बसंतोत्सव: माँ सरस्वती की पूजा और ऋतुराज बसंत का आगमन



महेन्द्र तिवारी

बसंत पंचमी भारतीय जीवन–दृष्टि का ऐसा पर्व है, जो धर्म, संस्कृति, प्रकृति और समाज–चारों को एक ही सूत्र में पिरो देता है। यह त्योहार केवल पंचांग की एक तिथि नहीं है, बल्कि मौसम के बदलाव, मनुष्य की चेतना के जागरण और ज्ञान की आराधना का प्रतीक है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला यह पर्व ठंड की विदाई और बसंत के आगमन का उद्घोष करता है। जैसे ही धरती पर सरसों के पीले फूल खिलते हैं, वैसे ही मनुष्य के भीतर भी आशा, उल्लास और सृजन की चेतना जाग उठती है। भारतीय परंपरा में बसंत को 'ऋतुराज' कहा गया है, क्योंकि यह वह ऋतु है जो प्रकृति को उसके सबसे सुंदर और जीवंत रूप में सामने लाती है।

इस दिन मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व है। सरस्वती केवल विद्या की देवी नहीं हैं, बल्कि विवेक, संवेदना, कला और भाषा की अधिष्ठात्री भी हैं। उनका श्वेत वस्त्र, शांत स्वरूप और वीणा इस बात का संकेत है कि ज्ञान केवल संग्रह नहीं, बल्कि शुद्धता, संतुलन और सौंदर्य का समन्वय है। बसंत पंचमी हमें याद दिलाती है कि सच्ची शिक्षा वही है, जो मनुष्य को मानवीय बनाए, उसे प्रश्न पूछने की क्षमता दे और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाए। आज जब शिक्षा केवल अंक, डिग्री और प्रतिस्पर्धा तक सिमटती जा रही है, तब सरस्वती की आराधना का यह पर्व हमें शिक्षा के मूल उद्देश्य की ओर लौटने का अवसर देता है।

भारतीय समाज में पीले रंग का गहरा सांस्कृतिक अर्थ है। बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र पहनना, पीले फूलों से पूजा करना और पीले व्यंजन बनाना केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करने का तरीका है। पीला रंग ऊर्जा, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक है। यह रंग हमें याद दिलाता है कि जीवन में उजास बनाए रखना कितना आवश्यक है। आज के तनावपूर्ण और अवसादग्रस्त समय में, ऐसे प्रतीकात्मक पर्व मनुष्य के मनोविज्ञान पर भी सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

इस पर्व से जुड़ा अक्षरारंभ या विद्यारंभ संस्कार विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। छोटे बच्चों को पहली बार अक्षर ज्ञान देना इस बात का संकेत है कि भारतीय परंपरा में



शिक्षा को जीवन की नींव माना गया है। यह संस्कार केवल बच्चे के लिए नहीं, बल्कि माता–पिता और समाज के लिए भी एक जिम्मेदारी का बोध कराता है कि वे ज्ञान के मार्ग को सम्मान दें। पुस्तकों और कलम की पूजा इस भावना को और गहरा करती है कि ज्ञान साधना है, उपभोग की वस्तु नहीं। आज जब डिजिटल युग में किताबों का स्थान स्क्रीन लेती जा रही है, तब बसंत पंचमी हमें पढ़ने, सोचने और गहराई से समझने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने की प्रेरणा देती है।

बसंत पंचमी की खूबी यह भी है कि यह भारत की विविधता को एक उत्सव में समेट लेती है। पंजाब में यह पतंगों के रंगीन आकाश के रूप में दिखाई देती है, तो बंगाल में पुष्पांजलि और सांस्कृतिक अनुष्ठानों के रूप में। कहीं यह संगीत और नृत्य का पर्व है, तो कहीं शिक्षा और साधना का। यह विविधता ही भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जहाँ अलग–अलग परंपराएँ एक–दूसरे से टकराती नहीं, बल्कि मिलकर एक बड़ा सांस्कृतिक कैनवास रचती हैं। बसंत पंचमी इस दृष्टि से राष्ट्रीय एकता का भी पर्व है, जो बिना किसी राजनीतिक नारे के, सहज रूप से लोगों को जोड़ता है।

यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के रिश्ते को भी नए सिरे से परिभाषित करता है। बसंत का आगमन किसानों के लिए आशा लेकर आता है, क्योंकि फसलें लहलहाने लगती हैं। यह समय श्रम के फल को देखने का होता है। ऐसे में बसंत पंचमी केवल शहरी या धार्मिक पर्व नहीं रह जाता, बल्कि ग्रामीण जीवन से भी गहराई से जुड़ जाता है। प्रकृति के इस चक्र को समझना और उसका सम्मान करना आज के पर्यावरणीय संकट के दौर में और भी आवश्यक हो गया है। बसंत पंचमी हमें यह सिखाती है कि मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य ही टिकाऊ भविष्य की कुंजी है।

आज के सामाजिक संदर्भ में बसंत पंचमी का संदेश और भी व्यापक हो जाता है। यह पर्व अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। लेकिन यह ज्ञान केवल पुस्तकीय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी होना चाहिए। जाति, लिंग, वर्ग और भाषा के आधार पर होने वाले भेदभाव के बीच सरस्वती की उपासना हमें यह प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करती है कि क्या हमारा ज्ञान हमें अधिक संवेदनशील बना रहा है या केवल अधिक चालाक। सच्ची विद्या वही है, जो अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस दे।

अंततः बसंत पंचमी जीवन के उत्सव का पर्व है। यह हमें सिखाती है कि हर ठंड के बाद बसंत आता है, हर जड़ता के बाद सृजन संभव है और हर अंधकार के बाद प्रकाश। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि ज्ञान, प्रकृति और संस्कृति–तीनों का संतुलन ही एक स्वस्थ समाज की नींव है। यदि हम इस संतुलन को समझ सकें और अपने जीवन में उतार सकें, तो बसंत पंचमी केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार बन सकती है, जो पूरे वर्ष हमारे साथ चलता रहे।

# नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य



योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसलुझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं।

दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु

**नेताजी सुभाष जयंती (23 जनवरी) पर विशेष**



सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

–लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान : प्रधानमंत्री शहबाज विपक्ष की आलोचना के बीच ट्रंप के 'शांति बोर्ड' में शामिल हुए

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में विपक्षी दलों की आलोचना के बावजूद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में गाजा के लिए गठित 'शांति बोर्ड' में शामिल होने के करार पर हस्ताक्षर कर दिये। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में वार्षिक विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के इतर इस बोर्ड के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए समारोह की मेजबानी की। पाकिस्तान को ट्रंप से बोर्ड में शामिल होने का निमंत्रण मिला था, जिसे उसने स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री शहबाज ने दावोस में आयोजित कार्यक्रम में कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं के साथ इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पार्टी ने कहा, 'पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ शांति बोर्ड में शामिल होने के पाकिस्तान सरकार के फैसले को स्वीकार नहीं करती है।'

### ट्रंप का जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पुतिन को संदेश : युद्ध को खत्म करना होगा

**दावोस :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनका संदेश है कि 'युद्ध समाप्त होना चाहिए'। स्विट्जरलैंड के रिजॉर्ट शहर दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौटने से पहले ट्रंप ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज या कल पुतिन से मुलाकात करेगा। उन्होंने कहा, 'मेरी मुलाकात राष्ट्रपति जेलेंस्की से यहां हुई। बैठक अच्छी रही। हम (अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल) आज या कल राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे।' बाद में, जेलेंस्की ने कहा कि उनकी ट्रंप के साथ बातचीत सकारात्मक रही। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में अपने विशेष संबोधन के बाद जेलेंस्की ने यहां



कहा, 'बैठक अच्छी रही और यह हमारे देश के हित में थी।' उन्होंने कहा, 'किसी भी राष्ट्रपति की तरह, मुझे अपने देश के हितों की रक्षा करनी होती है और इस तरह की बैठकें आम तौर पर कठिन होती हैं। लेकिन, हां, आज की बैठक सकारात्मक रही।' जेलेंस्की ने बताया कि पुतिन के साथ बैठक के अलावा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन की टीम से भी अलग से मुलाकात करेगा और बाद में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अमेरिका, रूस और यूक्रेन की टीमों के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है। त्रिपक्षीय बैठक शुक्रवार या शनिवार को होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति से जब सवाल किया गया कि पुतिन के लिए उनका क्या संदेश है तो उन्होंने कहा, 'युद्ध को समाप्त करना होगा। बहुत से लोग मारे गए हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछले महीने करीब 30,000 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर सैनिक थे।

### गाजा के पुनर्निर्माण के लिए रूस अपनी जब्त संपत्तियों से एक अरब अमेरिकी डॉलर देने को तैयार: पुतिन

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि मॉस्को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल वाले शांति बोर्ड के तहत गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर आवंटित करने को तैयार है। यह रकम अमेरिका में जब्त की गई रूसी संपत्ति से दी जाएगी। पुतिन ने रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में, फलस्तीनी नेता महमूद अब्बास से मुलाकात की और यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में वास्तविक समाधान की एकमात्र कुंजी एक पूर्ण संप्रभु फलस्तीनी राष्ट्र है। रूसी राष्ट्रपति ने अब्बास का स्वागत करते हुए कहा, ''हमारा मानना है कि एक संप्रभु फलस्तीनी राष्ट्र का निर्माण ही पश्चिम एशिया में संघर्ष के अंतिम समाधान का एकमात्र रास्ता है।'' अब्बास बुधवार रात को उच्च स्तरीय वार्ता के लिए दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे।

### भारतीय–अमेरिकी फिल्म निर्माता गीता गांधबीर को ऑस्कर में दो नामांकन मिले

**लॉस एंजिलिस :** भारतीय–अमेरिकी फिल्मकार गीता गांधबीर ने बृहस्पतिवार को ऑस्कर नामांकन में दोहरी सफलता हासिल की। उन्हें अपनी लघु फिल्म 'द डेविल इज बिजी' के लिए सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र श्रेणी में और 'द परफेक्ट नेबर' के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र श्रेणी में नामित किया गया है। लॉस एंजिलिस में 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' द्वारा 98वें एकेडमी पुरस्कारों के लिए नामांकन की घोषणा की गई। गांधबीर और क्रिस्टलिन हैम्पटन ने मिलकर द डेविल इज़ बिज़ी का निर्देशन किया है, जो अपनी श्रेणी में ऑल द एम्प्टी रूम्स, आर्म्ड ओनली विद अ कैमरा: द लाइफ एंड डेथ ऑफ ब्रेंट रेनॉड, चिल्ड्रन नो मोर: वेयर एंड आर गॉन और परफेक्टली अ स्ट्रेंजनेस के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3330

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | | | ■ | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | 26 | ■ | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | | |
| 31 | | | ■ | 32 | | | ■ | ■ | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) सबेरा, 3) बहुत अधिक, 7) सप्ताहान्त, 8) अनाड़ी, 10) छोटा, 12) नौका, 13) स्त्रीलिंगीय *(सजीव)*, 15) अल्पव्यय, 17) तपस्या, 19) एक *लैटिन* भाषा, 20) आरोग्यलाभ; चैन, 22) पदक, 23) एक पादत्राण, 24) सज्जन, 25) राज़ी करना, 27) वे और मैं, 29) जानकार, 30) पाताल, 31) ऐरागैरा, 32) ग़ायब; नष्ट; लुप्त.

*ऊपर से नीचे:-* 2) करतूत, 3) कौर, 4) पराजय, 5) वृक्ष का धड़, 6) निरंतर, 9) पक्षीआहार, 10) असीम, 11) दृष्टिकोण, 14) थानेदार, 15) तैयार कराना, 16) काँटा, 18) कृश, 21) मारे हुए और घायल, 24) विश्वास, 25) लुब्ध होना, 26) वीणापाणि देवर्षि, 28) खँडहर टीला, 29) स्वीकार्य.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | यो | गी | ■ | ■ | डं | ठ | ल | ■ |
| ■ | ण | ■ | त | ह | ल | का | ■ | ती | स |
| अं | जी | र | ■ | वा | त | ■ | अ | ■ | मु |
| त | ■ | ह | ■ | ला | ■ | अ | भि | रु | चि |
| ■ | ■ | म | र | त | बा | ■ | षे | ■ | त |
| स | चिं | त | ■ | ■ | ह | र | क | त | ■ |
| मा | ता | ■ | स | म | र | स | ■ | ज | ल्दी |
| बे | ■ | छु | ■ | ट | ■ | द | रा | र | ■ |
| श | री | रा | व | र | ण | ■ | त | बा | ही |

## सुडोकू-पहेली-3288

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 6 | 4 | | | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | 7 | | 5 | | 8 | | 2 | |
| 9 | | | | 8 | 4 | 7 | | |
| 6 | 2 | | | | | | | |
| | | | 2 | | | | 3 | 9 |
| 5 | | | | | | 8 | | |
| | | 9 | 3 | | 7 | | | 6 |
| | | | | 9 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3287 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 9 | 2 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 |

# फूलों, खुशी और आधुनिक सफर के साथ शुरू हुई वंदे भारत स्लीपर की नियमित सेवा

## यात्रियों ने सराहा प्रीमियम माहौल और शांत यात्रा अनुभव



सरिता सोरेन



27575 हावड़ा–कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस आज शाम 6:20 बजे हावड़ा से होगी रवाना

**कामाख्या/कोलकाता, समाज्ञा :** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की नियमित शुरुआत का नजारा कुछ अलग ही था। कामाख्या स्टेशन पर उत्साह, उमंग और गर्व साफ महसूस किया जा सकता था। इसी ऐतिहासिक क्षण के साथ 27576 कामाख्या–हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ने गुरुवार शाम 6.15 बजे अपनी नियमित वाणिज्यिक यात्रा की शुरुआत की। ट्रेन के प्रस्थान से पहले यात्रियों का फूलों से स्वागत किया गया। यात्रियों के चेहरों पर झलकती मुस्कान इस ऐतिहासिक पल की गवाही दे रही थी। कई यात्रियों ने इस यादगार पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और उन्होंने इसे भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नई शुरुआत बताया। यात्रियों ने बताया कि लंबी दूरी की यात्रा में अब उन्हें आराम, शांति और सुरक्षा तीनों का भरोसा मिल रहा है। आधुनिक सुविधाओं और सुकूनभरे माहौल के चलते उन्होंने इसे भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नई और सकारात्मक शुरुआत बताया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जनवरी 2026 को हावड़ा–कामाख्या वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। गुरुवार से इसका नियमित संचालन शुरू हो गया है, जबकि हावड़ा से इस ट्रेन का वाणिज्यिक परिचालन 23 जनवरी से प्रारंभ होगा। यह सेवा पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर के बीच रेल संपर्क को और मजबूत बनाएगी। आधुनिक इंटीरियर, सॉफ्ट लाइटिंग, आरामदायक बर्थ, शांत और स्मूद राइड ने यात्रियों को खासा प्रभावित किया। यात्रियों ने बताया कि सफर के दौरान थकान कम महसूस हुई और नींद भी बेहतर आई। ट्रेन का रात्रिकालीन समय इस तरह तय किया गया है कि यात्री दिन का समय अपने काम में लगा सकें और रात को आरामदायक यात्रा का आनंद ले सकें।

यह ट्रेन कामाख्या से शाम 6:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:15 बजे हावड़ा पहुंचती है। रास्ते में न्यू जलपाईगुड़ी, मालदह टाउन, न्यू फरक्का, अजीमगंज, कटवा, नवद्वीप धाम और बंडेल जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर इसका ठहराव है। एसी फर्स्ट क्लास, एसी टू–टियर और एसी थ्री–टियर श्रेणियों में उपलब्ध यह ट्रेन हर वर्ग के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यात्रियों ने ट्रेन की स्वच्छता व्यवस्था, ऑनबोर्ड सेवाओं और भोजन की गुणवत्ता की भी सराहना की। किराए में शामिल स्थानीय व्यंजनों ने खास आकर्षण पैदा किया। अत्याधुनिक कवच सुरक्षा प्रणाली, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी से यात्रियों को पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित महसूस हुआ। पहली नियमित यात्रा के दौरान यात्रियों की मुस्कान और उत्साह यह साफ दर्शा रहा था कि वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ने रात्रिकालीन रेल यात्रा को एक नया आयाम दे दिया है। यह ट्रेन न सिर्फ दूरी को कम कर रही है, बल्कि आराम, भरोसे और आधुनिकता के साथ भारतीय रेलवे के भविष्य की झलक भी पेश कर रही है।

# वायु प्रदूषण रोकने के लिए कोलकाता के मेयर ने पुलिस को दिए सक्रिय रहने के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट ने बढ़ते वायु प्रदूषण पर संज्ञान लिया है, जिसके बाद कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने शहर के सभी पुलिस स्टेशनों और ट्रैफिक चौकियों को वायू प्रदूषण नियंत्रित करने में सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। मेयर ने कोलकाता में नगर निगम के मुख्यालय में एक बैठक की, जिसमें पर्यावरण विभाग के मेयर परिषद के सदस्य स्वपन समाद्दार और पार्क विभाग के मेयर परिषद के सदस्य देबाशीष कुमार शामिल हुए। इस बैठक में कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त सीपी शुभांकर सिन्हा भी मौजूद थे। इस बैठक में मेयर हकीम ने हर पुलिस स्टेशन और ट्रैफिक विभाग से शहर के अलग–अलग हिस्सों में आग लगाने, गाड़ियों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करने और सूखी पत्तियां और लकड़ी जलाने जैसे मुद्दों पर सक्रिय कदम उठाने की अपील की है। हकीम ने यह भी निर्देश दिया कि कंस्ट्रक्शन साइट्स पर बाड़ लगाई जाए और जिन इलाकों में ज्यादा धूल उड़ती है, वहां ज्यादा पानी छिड़का जाए। मेयर ने अधिकारियों से विक्टोरिया मेमोरियल के पास रेल विकास निगम लिमिटेड के कंस्ट्रक्शन काम के दौरान धूल को नियंत्रित करने में सतर्क रहने का आग्रह किया। सड़कों पर कंस्ट्रक्शन का कचरा, बिल्डिंग मटीरियल, और रेत फेंकने पर भी रोक लगाने का फैसला किया गया। कोलकाता के मेयर ने कहा कि जिन इलाकों में मेट्रो का कंस्ट्रक्शन चल रहा है, उन्हें हरी जाली से ढका जाना चाहिए। कंस्ट्रक्शन साइट्स पर पर्याप्त पानी छिड़का जाना चाहिए। पुलिस को ट्रैफिक फ्लो बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। उन्हें पुरानी गाड़ियों पर नजर रखने के लिए भी कहा गया है ताकि धुआं छोड़ने वाली गाड़ियों को कंट्रोल किया जा सके। हवा में कार्बन के कणों को बढ़ने से रोकने के लिए पॉल्यूशन टेस्ट में फेल होने वाली गाड़ियों को पकड़ा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सड़कों पर पड़े कंस्ट्रक्शन कचरे को हटाने के मामले में नगर निगम के अंदर विभागीय समन्वय की कमी है। इसे ठीक करने की जरूरत है। धूल उड़ने से रोकने के लिए कंस्ट्रक्शन कचरे को और तेजी से हटाया जाना चाहिए। जो बिल्डिंग्स बन रही हैं, उनमें जाली लगाकर काम किया जाना चाहिए, नहीं तो काम रोकने का आदेश दिया जाएगा।

## चेन्नई में बंगाल के प्रवासी मजदूर की मौत, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**मालदह :** एक बार फिर दूसरे राज्य में काम करने गए बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर सामने आई है। मृतक का नाम आलमगीर आलम (29) है। वह मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना अंतर्गत मशालदह इलाके का निवासी था। आठ दिनों से लापता रहने के बाद चेन्नई में रेलवे ट्रैक के किनारे जंगल से उसका क्षत–विक्षत शव बरामद हुआ है। परिवार का आरोप है कि आलमगीर की हत्या की गई है। स्थानीय स्तर पर काम न मिलने के कारण आलमगीर रोजगार की तलाश में चेन्नई गया था। परिवार के अनुसार, करीब नौ दिन पहले उसे चेन्नई से हैदराबाद जाना था। ट्रेन पकड़ने से पहले उसने आखिरी बार अपनी पत्नी से बात की थी। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। साथ काम करने वाले मजदूरों ने स्थानीय थाने में सूचना दी, जिसके बाद तलाश शुरू हुई। अंततः चेन्नई के अगले एक स्टेशन के पास जंगल से उसका रक्तरंजित शव बरामद किया गया। आलमगीर अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। परिवार का आरोप है कि इस कठिन समय में अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया है। इधर, इस मौत को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है।

### फरक्का के बीडीओ कार्यालय में तोड़फोड़

## आयोग ने तृणमूल विधायक पर मुकदमा दर्ज करने को कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने पिछले सप्ताह मुर्शिदबादा के फरक्का प्रखंड विकास कार्यालय (बीडीओ) में हुई तोड़फोड़ के संबंध में राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक मोनिरुल इस्लाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश गुरुवार को दिया। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आयोग ने जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि शाम 5 बजे तक प्राथमिकी दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक मोनिरुल इस्लाम ने अपने समर्थकों के साथ कथित तौर पर फरक्का बीडीओ कार्यालय के बाहर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान 'जनता के उत्पीड़न' के विरोध में प्रदर्शन किया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय में तोड़फोड़ की। निर्वाचन आयोग ने घटना का संज्ञान लिया और राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार से बात की और प्राथमिकी दर्ज करने को कहा। पुलिस ने निर्देश का पालन किया, लेकिन प्राथमिकी में विधायक को बतौर आरोपी नामजद नहीं किया। आयोग ने अब निर्देश दिया है कि इस्लाम को नामजद करते हुए नयी प्राथमिकी दर्ज की जाए। अधिकारी ने कहा कि यह अशांति बूथ स्तरीय अधिकारियों के एक वर्ग के विरोध प्रदर्शनों के कारण भड़की, जिन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान नागरिकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों द्वारा बीडीओ कार्यालय तक मार्च करने और इस प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई।

# सरकारी अस्पतालों में कितने बेड खाली हैं?

❑ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जानकारी देना अनिवार्य, हाईकोर्ट का निर्देश

❑ 30 दिनों के भीतर राज्य सरकार को बनानी होगी विशेष वेबसाइट

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध बेड की जानकारी को लेकर अहम निर्देश जारी किया है। अदालत ने आदेश दिया है कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल के हर विभाग में कितने बेड खाली हैं, इसकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक करनी होगी और उसे नियमित रूप से अपडेट भी करना होगा।

मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिविजन बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि 30 दिनों के भीतर एक विशेष वेबसाइट तैयार की जाए, जहां राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में विभागवार बेड की उपलब्धता की जानकारी मिले। इससे मरीज को अस्पताल ले जाने से पहले ही उसके परिजन यह जान सकेंगे कि किस अस्पताल में संबंधित विभाग का बेड खाली है।

अदालत ने अपने अवलोकन में कहा कि अक्सर मरीज को अस्पताल ले जाने के बाद पता चलता है कि वहां बेड उपलब्ध नहीं है। इसके बाद मरीज को दूसरे अस्पताल भेजा जाता है, लेकिन वहां भी वही स्थिति सामने आती है। इस प्रक्रिया में मरीज की हालत लगातार बिगड़ती चली जाती है। इसी संकट से बचने के लिए एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है।

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। मामले की अगली सुनवाई 30 दिनों बाद होगी। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई के दौरान इस आदेश के क्रियान्वयन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों पर राज्य की कार्रवाई से हाईकोर्ट संतुष्ट

### खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए नियमित अभियान चलाने का निर्देश

**कोलकाता :** सब्जी, फल, मछली, मांस और दूध में मिलावट व कृत्रिम रसायनों के इस्तेमाल को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के कदमों पर संतोष जताया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए राज्य को नियमित और निरंतर अभियान चलाना होगा।

अदालत को बताया गया कि खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका सकारात्मक असर भी दिखाई दे रहा है। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सूचकांक में पश्चिम बंगाल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2019 में जहां राज्य 15वें स्थान पर था, वहीं अब देश में छठे स्थान पर पहुंच गया है।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को जानकारी दी गई कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में 176 फूड सेफ्टी ऑफिसर और 3 फूड सेफ्टी इंस्पेक्टिंग ऑफिसर कार्यरत हैं। प्रत्येक फूड सेफ्टी ऑफिसर को प्रति माह न्यूनतम 25 खाद्य नमूने एकत्र कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश है।

इसके अलावा, राज्य सरकार ने अलग से एक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला स्थापित की है। साथ ही, तीन सामान्य प्रयोगशालाओं को उन्नत कर उन्हें आधुनिक फूड टेस्टिंग लैब में बदला गया है, जिससे खाद्य परीक्षण की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार हुआ है।

हालांकि, अदालत ने साफ किया कि केवल बुनियादी ढांचे का विकास ही पर्याप्त नहीं है। मिलावटी खाद्य पदार्थों पर लगाम लगाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार अभियान चलाना जरूरी है। डिवीजन बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि यदि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के पदों में कोई रिक्ति है, तो उसे शीघ्र भरा जाए।

## महेशतला में छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ के आरोप में स्कूल शिक्षक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला इलाके से एक स्कूल शिक्षक को चौथी क्लास की छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महेशतला थाने में लिखित शिकायत दर्ज होने के बाद बुधवार की देर रात गिरफ्तारी की गई। प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पोस्को) एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्कूल और पुलिस सूत्रों ने बताया कि चौथी क्लास की छात्रा बुधवार को रोज की तरह स्कूल गई थी। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि बंगाली टीचर ने उसे कहानी की किताब देने के बहाने क्लास से बाहर बुलाया और फिर कथित तौर पर स्कूल की दूसरी मंजिल पर ले जाकर छात्रा से छेड़छाड़ की। घर लौटने पर छात्रा ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया, तो परिवार स्कूल पहुंचा और विरोध–प्रदर्शन किया। इसके बाद, कई छात्रों के माता–पिता स्कूल परिसर के बाहर जमा हो गए और स्कूल अधिकारियों से जवाब मांगने लगे। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आधिकारिक शिकायत दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि आरोपी टीचर के खिलाफ पहले भी इसी तरह के आरोप लगे थे। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करेगी और आगे की जांच के लिए उसकी कस्टडी मांगेगी। इस मामले में जांच जारी है।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 251_2025-26, दिनांक 19.01.2026. सीनि. डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/2/हावड़ा) : कार्य का विवरण: डानकुनी में प्लेटफॉर्म सतह, टीटीई विश्राम कक्ष इत्यादि का सुधार तथा प्लेटफॉर्मों के बीच सेंट्रल ड्रेन का निर्माण, अन्य आनुषंगिक कार्य। अनुमानित लागत: रु. 2,98,85,029.08; बयाना राशि: रु. 2,99,400। निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। समापन अवधि: 12 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 11.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-559/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**परीक्षण के आधार पर कुछ ट्रेनों का ठहराव**

**शुद्धिपत्र**

कुछ ट्रेनों के परीक्षण के आधार पर ठहराव के संबंध में पूर्व में प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि **धुलियानगंगा** स्टेशन पर **13163/13164 सियालदह–सहरसा–सियालदह हाटेबाजारे एक्सप्रेस के परीक्षण के आधार पर ठहराव के शुरू होने की प्रभावी तिथि में संशोधन** किया गया है। **13163/13164 सियालदह–सहरसा–सियालदह हाटेबाजारे एक्सप्रेस** के धुलियानगंगा में परीक्षण के आधार पर ठहराव का विवरण प्रभावी संशोधित तिथि के साथ नीचे दिया गया है:

| ट्रेन संख्या और नाम | स्टेशन | समयसूची आ. | समयसूची प्र. | ठहराव (से प्रभावी) |
|---|---|---|---|---|
| 13163 सियालदह–सहरसा हाटेबाजारे एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 23.01.2026) | धुलियानगंगा | 03.02 | 03.04 | 24.01.2026 |
| 13164 सहरसा–सियालदह हाटेबाजारे एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 24.01.2026) | धुलियानगंगा | 23.33 | 23.35 | 24.01.2026 |

**टिप्पणी:** ट्रेनों की समयसूची अन्य सभी स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

# बंगाल के मनीषियों के नाम भूलकर असहज स्थिति, केंद्रीय नेताओं को बंगाली संस्कृति सिखाने के लिए 'शिक्षक' नियुक्त करेगी भाजपा

**कोलकाता :** बंगाल आकर यहां के महान व्यक्तित्वों के नामों के गलत उच्चारण से भाजपा के कई केंद्रीय नेता असहज स्थिति में पड़ते नजर आए हैं। कभी प्रधानमंत्री द्वारा बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिमदा' कह देना, तो कभी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत का 'बंकिमदास' कहना, वहीं अमित शाह का रवींद्रनाथ ठाकुर के नाम में गलती करना–इन सब घटनाओं ने पार्टी को बार–बार असहज किया है। यहां तक कि खेल मंत्री द्वारा मोहनबागान और ईस्ट बंगाल को गलत नाम से संबोधित करने का मामला भी सामने आया। बंगाल में आकर बंगाली मनीषियों और संस्कृति को लेकर ऐसी भूलें भाजपा के लिए फायदे से ज्यादा नुकसानदेह साबित हो रही हैं।

इसी समस्या से निपटने के लिए अब भाजपा ने नई पहल करने का फैसला किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेताओं को बंगाल की संस्कृति, परंपरा और मनीषियों की सही जानकारी देने के लिए 'गृह–शिक्षक' की व्यवस्था की जा रही है। ये शिक्षक कोई बाहरी व्यक्ति नहीं होंगे, बल्कि पार्टी के ही स्थानीय बंगाली नेता यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

बताया जा रहा है कि जब भी भाजपा के केंद्रीय नेता बंगाल आएंगे, तो उन्हें मंच पर जाने से पहले 'होमवर्क' करना अनिवार्य होगा। इस दौरान उन्हें संबंधित क्षेत्र के प्रमुख मनीषियों, स्थानीय संस्कृति, खानपान की आदतों और संवेदनशील मुद्दों की जानकारी दी जाएगी। स्थानीय नेता केंद्रीय नेताओं को नामों का सही उच्चारण और सांस्कृतिक संदर्भ याद करवाएंगे, ताकि सार्वजनिक मंच पर किसी तरह की असहज स्थिति न बने।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि अब ऐसा नहीं होगा कि बाहरी राज्यों से आए नेता सीधे मंच पर चढ़कर माला पहनकर हिंदी में भाषण दे दें। उन्हें पहले स्थानीय नेतृत्व से बातचीत कर क्षेत्र की जमीनी हकीकत समझनी होगी। पार्टी ने हर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रचार की जिम्मेदारी स्थानीय नेताओं को दी है, और वही नेता केंद्रीय नेतृत्व को बंगाली संस्कृति की 'शिक्षा' देंगे।

साथ ही, केंद्रीय नेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह से बंगालियों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। विवादित भाषणों से बचने और स्थानीय मुद्दों को समझने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए केंद्रीय नेताओं को जिला नेतृत्व के साथ लगातार संवाद रखने को कहा गया है। हालांकि, पार्टी के शीर्ष स्तर के कुछ वरिष्ठ नेता इस व्यवस्था से बाहर रहेंगे और वे अपने तरीके से ही भाषण देंगे।

भाजपा का मानना है कि इस पहल से बंगाल में पार्टी की छवि को मजबूती मिलेगी और सांस्कृतिक भूलों के कारण होने वाली किरकिरी से बचा जा सकेगा।

# सप्ताहांत में 16 घंटे बंद रहेगा विद्यासागर सेतु

❑ **कोलकाता पुलिस ने बताए वैकल्पिक मार्ग**

**कोलकाता :** लंबे समय से विद्यासागर सेतु पर मरम्मत और पुनर्वास का कार्य चल रहा है। इसी के चलते कोलकाता–हावड़ा को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण सेतु एक बार फिर बंद रहने वाला है। कोलकाता पुलिस ने जानकारी दी है कि आगामी 25 जनवरी 2026, रविवार को विद्यासागर सेतु पर कुल 16 घंटे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

सरकारी नोटिस के अनुसार, सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक यह यातायात नियंत्रण लागू रहेगा। इस अवधि में विद्यासागर सेतु और उसके सभी रैंपों से किसी भी तरह का वाहन आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पुलिस ने इस दौरान ट्रैफिक जाम और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है।

कोलकाता पुलिस ने बताया कि जो वाहन एजेसी बोस रोड की ओर से विद्यासागर सेतु की तरफ आते हैं, उन्हें टर्फ व्यू से ग्रेड रोड होते हुए हेस्टिंग्स क्रॉसिंग, फिर सेंट जॉर्जेस गेट रोड और स्ट्रैंड रोड के रास्ते हावड़ा ब्रिज की ओर भेजा जाएगा। इसी तरह केपी रोड और सीजीआर रोड से आने वाले वाहनों को भी हेस्टिंग्स क्रॉसिंग होते हुए सेंट जॉर्जेस गेट रोड और स्ट्रैंड रोड के जरिए हावड़ा ब्रिज की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

यदि केपी रोड से वाई–पॉइंट रैंप के माध्यम से सेतु पर चढ़ने की योजना होगी, तो वाहनों को वाई–पॉइंट से 11 फर्लांग गेट की ओर मोड़ा जाएगा और वहां से केपी रोड, रेड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज की ओर भेजा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर शहर की अन्य प्रमुख आर्टेरियल सड़कों के जरिए भी वाहनों को घुमाया जा सकता है।

कोलकाता पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि 25 जनवरी को निर्धारित समय के दौरान द्वितीय हुगली सेतु का उपयोग करने से पहले वैकल्पिक मार्गों की योजना बना लें और ट्रैफिक निर्देशों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

## चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए तीन विशिष्ठ व्यक्ति, शमिक भट्टाचार्य ने दिलायी सदस्यता



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले तीन महत्वपूर्ण लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। इनके नाम आलोकेश प्रसाद रे, डॉ तपन कुमार रे और जयप्रकाश मिश्र हैं। सभी 3 लोगों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने पार्टी की सदस्यता दिलायी। आलोकेश प्रसाद रे एजुकेशन डिपार्टमेंट के पूर्व सीनियर स्पेशल सेक्रेटरी हैं। डॉ तपन जाने माने डॉक्टर हैं और जयप्रकाश मिश्र स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के पूर्व जेनरल मैनेजर हैं। वह जाने–माने शिक्षाविद भी हैं। उनके पिता घनश्याम मिश्र उत्तर बंगाल में ट्रेड यूनियन के बड़े नेता थे। इन सभी ने गुरुवार को कोलकाता में भाजपा का झंडा थामा। राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने सॉल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में इन लोगों को पार्टी में शामिल करवाया। भाजपा में शामिल होने वाले इन लोगों ने कहा कि बंगाल आज जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, लोग उससे मुक्ति चाहते हैं। बंगाल की जनता प्रदेश में अब बदलाव चाहती है। इसलिए वे भाजपा में शामिल हुए हैं। इस मौके पर, शमिक भट्टाचार्य ने समाज के अलग–अलग सेक्टर से आये खास लोगों का भाजपा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए समाज के अलग–अलग सेक्शन के लोग प्रदेश में समग्र परिवर्तन, सुशासन और विकास की उम्मीद में भाजपा से जुड़ रहे हैं।

**सियालदह मंडल के तहत पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**सियालदह मंडल के कांकुरगाछी रोड जंक्शन–बालीगंज खंड** में अप कॉर्ड लाइन और डाउन कॉर्ड लाइन पर ब्रिज नंबर X–25 के गर्डरों को स्थापित करने के लिए, **दिनांक 24.01.2026 (शनिवार) को 22.00 बजे से दिनांक 25.01.2026 (रविवार) को 21.00 बजे तक** 23 घंटे के पावर और ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 25.01.2026 (रविवार)] : (i)** कोमागाटा मारू बजबज – नैहाटी जंक्शन : 31053 अप **(ii)** नैहाटी–सियालदह :31422 डाउन, 31442 डाउन, 31446 डाउन, 31431 अप **(iii)** मध्यमग्राम–माझेरहाट: 30358 डाउन, 30357 अप **(iv)** कैनिंग–बारासात: 33061 अप **(v)** नैहाटी–माझेरहाट: 30152 डाउन, 30154 डाउन, 30123 अप **(vi)** माझेरहाट–रानाघाट: 30135 अप **(vii)** कोमागाटा मारू बजबज – सियालदह: 34157 अप, 34117 अप **(viii)** माझेरहाट–हासनाबाद: 30321 अप।

● **ट्रेनों का नियंत्रण [दिनांक 25.01.2026 (रविवार)] : (i)** 34052 और 34054 डाउन नैहाटी जंक्शन– कोमागाटा मारू बजबज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(ii)** 31051 और 31055 अप कोमागाटा मारू बजबज–नैहाटी जंक्शन लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (दक्षिण) में यात्रा समाप्त करेगी। **(iii)** 34056 डाउन कल्याणी सीमांत–कोमागाटा मारू बजबज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(iv)** 30112 डाउन बैरकपुर–बालीगंज लोकल मार्ग परिवर्तित करेगी और सियालदह (उत्तर) में यात्रा समाप्त करेगी। **(v)** 30346 डाउन बनगांव–माझेरहाट लोकल बारासात जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(vi)** 30142 डाउन गेदे–माझेरहाट लोकल दमदम जंक्शन (प्लेटफार्म सं. 5) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(vii)** 34062 डाउन बनगांव–कैनिंग लोकल बारासात जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(viii)**30361 अप माझेरहाट–हासनाबाद लोकल बारासात जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(ix)** 30333 अप माझेरहाट–हाबरा लोकल बारासात जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(x)** 30552 बालीगंज जंक्शन–घुटियारी शरीफ लोकल माझेरहाट से 19.30 बजे यात्रा शुरू करेगी और माझेरहाट एवं बालीगंज के बीच सभी स्टेशनों पर ठहराव के साथ चलेगी। **(xi)** 33521 अप सियालदह–हासनाबाद लोकल रविवार को चलेगी। **(xii)** रानाघाट जंक्शन के लिए एक अप पैसेंजर स्पेशल सियालदह से 15.05 बजे शुरू होगी और बिधान नगर रोड से नैहाटी तक 31053 के मार्ग पर चलेगी एवं नैहाटी से पैसेंजर स्पेशल के रूप में (नैहाटी से 16.07 बजे प्रस्थान) रानाघाट के लिए चलेगी और मार्ग में नैहाटी और रानाघाट के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा विलंबित हो सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

**देवी सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चक्र रेलवे की ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पश्चिम बंगाल राज्य प्रशासन के अनुरोध पर देवी सरस्वती की प्रतिमाओं के सुगम एवं सरक्षित तरीके से विसर्जन के लिए चक्र रेलवे की नीचे उल्लेखित ट्रेन सेवाएं **दिनांक 24.01.2026 (शनिवार), 25.01.2026 (रविवार)** एवं **26.01.2026 (सोमवार) को 16:00 बजे से** अगले दिन **सुबह 05:00 बजे तक** निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएगी/निरस्त रहेगी:

दिनांक 24.01.2026 (शनिवार) एवं 26.01.2026 (सोमवार) को : ●**कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** (1) **30122** नैहाटी-बालीगंज जंक्शन लोकल टाला होकर (टाल में 16.14 बजे), (2) **30312** बारासात-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 16.34 बजे), (3) **30314** दत्तपुकुर-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 18.58 बजे)। ●**कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरूः** (1) **30331** माझेरहाट-हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में 18.25 बजे), (2) **30111** बालीगंज जंक्शन-बैरकपुर लोकल टाला होकर (टाला में 19.35 बजे), (3) **30313** माझेरहाट-बारासात लोकल टाला होकर (टाला में 20.47 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन एवं सियालदह (नॉर्थ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त: 30154** नैहाटी-माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। ● **सियालदह (नॉर्थ) से यात्रा शुरूः 30123** माझेरहाट-नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन कर कांकुरगाछी रोड-बालीगंज जंक्शन होकर माझेरहाट तक चलेगीः 30332** हाबरा-माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 16.05 बजे (लगभग)]। ●**माझेरहाट से परिवर्तित मार्ग (कांकुरगाछी रोड) होकर चलेगीः 30353** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (माझेरहाट से 16.20 बजे) ●**माझेरहाट तक निर्धारित मार्ग पर चलेगी : 30152** नैहाटी-माझेरहाट लोकल बालीगंज जंक्शन होकर (माझेरहाट में 18.05 बजे)। ●**परिवर्तित मार्ग बालीगंज जंक्शन-कांकुरगाछी रोड होकर चलेगीः 30135** माझेरहाट-रानाघाट लोकल (माझेरहाट से 18.13 बजे)। ● **बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30711** लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 16.01 बजे)। ● **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू एवं परिवर्तित मार्ग बालीगंज जंक्शन-कांकुरगाछी रोड होकर चलेगीः 30317** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बालीगंज जंक्शन से 17.00 बजे)। ●**निरस्त रहने वाली ट्रेन सेवाएंः** (1) **30416** सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल माझेरहाट होकर (सियालदह से 17.14 बजे)। (2) **30451** बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 18.22 बजे) [बी.बी.डी. बाग एवं बालीगंज के बीच निरस्त]।

दिनांक 25.01.2026 (रविवार) को : ●**कोलकाता में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः** (1) **30122** नैहाटी-बालीगंज जंक्शन लोकल टाला होकर (टाल में 16.14 बजे), (2) **30312** बारासात-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 16.34 बजे), (3) **30314** दत्तपुकुर-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 18.58 बजे)। (4) **30342** बनगाँव-माझेरहाट लोकल टाला होकर (टाला में 08.27 बजे)। ●**कोलकाता से संक्षिप्त यात्रा शुरूः** (1) **30331** माझेरहाट-हाबरा लोकल टाला होकर (टाला में 18.25 बजे), (2) **30111** बालीगंज जंक्शन-बैरकपुर लोकल टाला होकर (टाला में 19.35 बजे), (3) **30313** माझेरहाट-बारासात लोकल टाला होकर (टाला में 20.47 बजे)। ● **मार्ग परिवर्तन एवं सियालदह (नॉर्थ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30154** नैहाटी-माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। ● **सियालदह (नॉर्थ) से यात्रा शुरूः 30123** माझेरहाट-नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे)। ● **बारासात में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30332** हाबरा-माझेरहाट लोकल (बारासात में 14.40 बजे)। ● **बारासात से संक्षिप्त यात्रा शुरूः** (1) **30353** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बारासात से 17.46 बजे), (2) **30317** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बारासात से 18.07 बजे), ● **सियालदह (साऊथ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्तः 30711** लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट लोकल (सियालदह में 16.15 बजे)। ● **सियालदह (साऊथ) से संक्षिप्त यात्रा शुरूः** 30712 माझेरहाट-लक्ष्मीकांतपुर लोकल (सियालदह से 10.02 बजे)। ●**निरस्त रहने वाली ट्रेन सेवाएंः** (1) **30416** सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल माझेरहाट होकर (सियालदह से 17.14 बजे)। (2) **30451** बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 18.22 बजे) [बी.बी.डी. बाग एवं बालीगंज के बीच निरस्त]।

**टिप्पणीः** (i) एक सियालदह-बारुईपुर स्पेशल ट्रेन सियालदह से 19.10 बजे रवाना होगी तथा बालीगंज जंक्शन से 30451 बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल के मार्ग पर चलेगी। (ii) दिनांक 25.01.2026 को एक कोलकाता-बारासात स्पेशल ट्रेन टाला से 09.23 बजे यात्रा शुरू करेगी तथा 10.29 बजे बारासात पहुंचेगी तथा मार्ग में सभी स्टेशनों पर ठहरेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

# ओंदा में पेट्रोल डालकर भाजपा नेता का घर फूंका, दुकान में तोड़फोड़

❑ **परिवार को जिंदा जलाकर मारने का आरोप, ग्रामीणों ने बचाया**

❑ **तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों पर हत्या के प्रयास का आरोप**



**बांकुड़ा :** जिले के ओंदा में भाजपा नेता तापस बारीक के घर में कुछ लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों ने ऐसा किया है। उनका उद्देश्य उनकी तथा उनके परिवार के सदस्यों की हत्या करना था। ग्रामीणों के प्रयासों से सभी लोग बच गए। भाजपा ने आरोपितों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। भाजपा के सामाजिक प्रकोष्ठ के नेता तापस बारीक ने बताया कि टीएमसी समर्थित बदमाशों ने बाहर से घर का दरवाजा बंद कर दिया था। आग देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर का दरवाजा तोड़कर उनको और उनके परिवार को बचाया। तापस ने दावा किया कि बदमाशों ने न केवल उनके घर में बल्कि उनकी दुकान में भी तोड़फोड़ की। भाजपा से जुड़े होने के कारण ही उन पर हमला हमला हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार की सुबह ओंदा के भाजपा विधायक अमरनाथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि तृणमूल समर्थकों ने यह हमला किया है। अगर दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम आंदोलन करेंगे। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग करते हुए स्थानीय थाने के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ओंदा पंचायत समिति के अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिरूप खान ने कहा कि उनकी पार्टी का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। यह घटना भाजपा की गुटबाजी के कारण हो सकती है। बांकुड़ा के पुलिस अधीक्षक सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# राज्य में 8 कुलपति नियुक्तियों पर राज्य सरकार-राज्यपाल की सहमति

**शेष मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस ललित समिति पर छोड़ा**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य की विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर लंबे समय से जारी गतिरोध के बीच गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच 8 और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के नामों पर सहमति बन गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ को यह जानकारी पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता तथा राज्यपाल की ओर से आर. वेंकटरमणि ने दी। जिन विश्वविद्यालयों के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल के बीच सहमति बनी है, वे संस्कृत कॉलेज एवं विश्वविद्यालय, कूचबिहार पंचानन बर्मा विश्वविद्यालय, हरिचंद गुरिचंद विश्वविद्यालय, रायगंज विश्वविद्यालय, डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय, बाबा साहेब आंबेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय, उत्तर बंग कृषि विश्वविद्यालय और पश्चिम बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी है। इस पर, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री को निर्देश दिया कि वे सहमति से तय किए गए उम्मीदवारों के नाम राज्यपाल को भेजें, ताकि राज्यपाल, जो विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं, कुलपतियों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर सकें। हालांकि, तीन विश्वविद्यालयों उत्तर बंग विश्वविद्यालय, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी, के संबंध में राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच सहमति नहीं बन पाई। इन विश्वविद्यालयों के लिए कोर्ट ने मामला दोबारा खोज-सह-चयन समिति को सौंप दिया है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुख्य न्यायाधीश यू. यू. ललित कर रहे हैं। अदालत ने समिति से कहा है कि वह दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत सभी सामग्री पर विचार कर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का प्रयास करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि समिति को यह स्वतंत्रता होगी कि वह मौजूदा उम्मीदवारों में से नया पैनल सुझाए या फिर आवश्यकता होने पर नई चयन प्रक्रिया शुरू करे।

## राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के कोलकाता परिसर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति की स्थापना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), कोलकाता क्षेत्रीय परिसर की पहल पर रूबी मोड़ के निकट आयकर भवन (पूर्व) परिसर में स्वामी विवेकानंद की पूर्णाकृति मूर्ति की स्थापना की गई। इसी अवसर पर परिसर में एक ध्यान कक्ष का भी उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन (ग्लोबल) के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ सुरभि वर्मा गर्ग (आईआरएस), प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीए), पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम; बी. सत्यनारायण राजू (आईआरएस), अतिरिक्त महानिदेशक, एनएडीटी क्षेत्रीय परिसर कोलकाता सहित आयकर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## अब घूमेगा चिंगड़िहाटा मेट्रो का पहिया, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 600 मीटर जोड़ने के काम में आई तेजी

**कोलकाता :** चिंगड़िहाटा मेट्रो परियोजना को लेकर लंबे समय से जारी अनिश्चितता अब समाप्त होती नजर आ रही है। कोलकाता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के निर्देश के बाद मेट्रो के 600 मीटर जोड़ने के कार्य में आखिरकार गति आ गई है। चिंगड़िहाटा इलाके में यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी उल्टाडांगा ट्रैफिक गार्ड को सौंपी गई है। नई व्यवस्था के तहत उत्तर दिशा, यानी साइंस सिटी की ओर से उल्टाडांगा जाने वाले वाहन कैप्टन भेरी से सटे हिस्से में बने नए मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। वहीं, कैप्टन भेरी की ओर से आने वाले वाहनों को लगभग 450 मीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर चिंगड़िहाटा फ्लाईओवर पार कर बाईं ओर निकाला जा रहा है। फ्लाईओवर पर चढ़ने से पहले सड़क को दो हिस्सों में विभाजित किया गया है। बाइक, टैक्सी और छोटे वाहन ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाइपास के जरिए गुजर रहे हैं। कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने बताया, इस विषय पर मेरी कोलकाता मेट्रो प्राधिकरण के साथ बातचीत हुई है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए चर्चा जारी है। नए यातायात प्रबंधन के चलते व्यस्त समय में भी चिंगड़िहाटा फ्लाईओवर के चढ़ाई वाले हिस्से पर जाम की स्थिति नहीं बन रही है। साथ ही, रात के समय सड़क बंद कर कार्य करने पर भी यातायात में खास परेशानी नहीं होगी। चिंगड़िहाटा मेट्रो के इस महत्वपूर्ण जोड़ के काम में तेजी आने से दैनिक यात्रियों में संतोष और खुशी देखी जा रही है। लोगों को उम्मीद है कि परियोजना जल्द पूरी होने से इस इलाके की यातायात समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

# भारत के खिलौना उद्योग के लिए राज्यपाल ने जताई सहयोग की प्रतिबद्धता



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत का खिलौना उद्योग लगातार बढ़ रहा है और इसमें पश्चिम बंगाल का विनिर्माण क्षेत्र महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसी दिशा में भारत टॉय एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अक्षय बिंजराजका ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस से शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान उद्योग के विकास और संभावनाओं पर चर्चा की गई। डॉ. बिंजराजका ने राज्यपाल से विशेष रूप से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार का ध्यान पश्चिम बंगाल में खिलौना निर्माण उद्योग की ओर आकर्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्रीय भूमि उपलब्ध कराना और सहायक नीतियां अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल डॉ. आनंद बोस ने इस पहल को सराहा और उद्योग के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने लोक भवन में खिलौना प्रदर्शनी आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा और बताया कि वे केंद्रीय लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को इसके संबंध में अनुरोध पत्र भेजेंगे। बैठक के अंत में, डॉ. बिंजराजका ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया और भविष्य में उद्योग के विकास में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस भेंट से यह संकेत मिलता है कि पश्चिम बंगाल के खिलौना उद्योग को जल्द ही नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पहल की जा सकती है।

## सरस्वती पूजा के दौरान जेयू में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करें : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) परिसर में शुक्रवार को होने वाली सरस्वती पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने विश्वविद्यालय प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने और जरूरत पड़ने पर स्थानीय पुलिस से सहायता लेने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन को पूरी सतर्कता बरतनी होगी। यह निर्देश जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़े एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया गया। इससे पहले राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए धन आवंटित किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अदालत को बताया कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की प्रक्रिया जारी है और शीघ्र ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न अप्रिय घटनाओं की आशंका रहती है। उन्होंने अदालत से पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि राज्य एजेंसी द्वारा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना का कार्य चार सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# 'डिजिटल अरेस्ट' के डर से अशोकनगर में युवक ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के अशोकनगर में बेराबेरी पंचायत के राजबेरिया गांव में गुरुवार को एक युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने के बाद तनाव फैल गया। मृतक की पहचान मोनिरुल गोल्डर (37) के रूप में हुई है। युवक का शव उसके घर के पास एक आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। परिवार ने आरोप लगाया कि यह घटना 'डिजिटल गिरफ्तारी' के डर से हुई।

हालांकि, इस मामले में कोई फोन कॉल या सोशल मीडिया संपर्क शामिल नहीं था, लेकिन परिवार ने बताया कि उनके घर पर एक नोटिस भेजा गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने एक सिम कार्ड का इस्तेमाल करके अपराध किया है। उनके अनुसार, मोनिरुल नोटिस को लेकर चिंतित थे और उन्होंने दावा किया कि इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। अशोकनगर थाने में पहले ही शिकायत दर्ज की जा चुकी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि नोटिस किसने भेजा था। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, अशोकनगर के राजबेरिया गांव के रहने वाले मोनिरुल पेशे से शहद का व्यापार करते थे।

बताया जाता है कि उन्हें 8 जनवरी को उनके घर पर नोटिस मिला था। पता चला कि मोनिरुल बुधवार की रात अपने कपड़े एक बैग में पैक करके घर से निकल गए थे, यह कहते हुए कि वह शहद इकट्ठा करने के लिए कहीं और जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह, उनका लटका हुआ शव उनके घर से थोड़ी दूरी पर, सूरिया खेल के मैदान के पास एक चाय की दुकान के पीछे एक आम के पेड़ पर मिला। मामले की जांच जारी है।

# सुबह-सुबह मेट्रो सेवा बाधित, यात्रियों को हुई भारी परेशानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लू लाइन मेट्रो सेवा में गुरुवार की सुबह तकनीकी कारणों से बाधा उत्पन्न हो गई। सुबह 7:35 बजे से 8:17 बजे तक ब्लू लाइन पर निरंतर मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी। इस दौरान, केवल मैदान से दक्षिणेश्वर और महानायक उत्तम कुमार से शहीद खुदीराम स्टेशनों के बीच ही मेट्रो का संचालन किया गया। मेट्रो के सीपीआरओ ने अपने एक आधिकारिक बयान में बताया है कि रवींद्र सदन और नेताजी भवन स्टेशनों के बीच अचानक रखरखाव कार्य शुरू करना पड़ा, जो पूर्व निर्धारित नहीं था। इसी वजह से ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं आंशिक रूप से संचालित की गईं। दिन की शुरुआत में ही मेट्रो सेवा बाधित होने से यात्रियों में खासा असंतोष देखा गया। यात्रियों का कहना है कि ब्लू लाइन में समस्याएं अब नियमित होती जा रही हैं। इस समय बड़ी संख्या में स्कूली छात्र मेट्रो से सफर करते हैं, जिनमें कई बच्चे अकेले भी यात्रा करते हैं। मेट्रो सेवा बाधित होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेट्रो न मिलने पर कई यात्रियों को बसों और अन्य वैकल्पिक परिवहन सेवाओं का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनके कार्यालय और स्कूल पहुंचने में देरी हुई।

# मुड़ीगंगा में डूबते बांग्लादेशी जहाज से 12 नाविकों को बचाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले की मुड़ीगंगा नदी में डूबते एक बांग्लादेशी जहाज से 12 नाविकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेश की ओर जा रहा जहाज बुधवार को पानी में डूबे रेत के टीले से टकरा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खुलना से आया जहाज 'एमवी तमजीद' दक्षिण 24 परगना के बज बज से राख की खेप लेकर बांग्लादेश जा रहा था। उन्होंने बताया कि मुड़ीगंगा नदी से गुजरते समय जहाज पानी में डूबे रेत के टीले से टकरा गया। इससे जहाज के मध्य हिस्से में दरार आ गई और इसमें पानी घुसने लगा। अधिकारी के मुताबिक, जहाज को मुश्किल में देख स्थानीय मछुआरों ने सागर पुलिस थाने को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जहाज पर सवार सभी 12 नाविकों को मछुआरों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया। अधिकारी के अनुसार, जहाज पर सवार 11 नाविक बांग्लादेश के नागरिक हैं। घटना में किसी भी नाविक को कोई चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि हादसा धुंध और कम दृश्यता के कारण हुआ या फिर इसके लिए कोई यांत्रिक खराबी जिम्मेदार है।

## गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने शुरू किया 'टेस्ट ऑफ प्योरिटी' अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने सूजी और मैदा उत्पादों के लिए नया मार्केटिंग अभियान 'टेस्ट ऑफ प्योरिटी' लॉन्च किया है। यह अभियान पूर्वी भारत में ब्रांड की मजबूत मौजूदगी को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। फरवरी 2026 तक चलने वाला यह अभियान विशेष रूप से परिवारों, खासकर माताओं और गृहिणियों को केंद्र में रखता है। अभियान की थीम प्योरिटी का ऐसा टेस्ट कि जो खाए वो उड़ जाए पर आधारित है, जो शुद्धता और बेहतर स्वाद के अनुभव को दर्शाती है। कंपनी के अनुसार, उन्नत कलर सॉर्टर तकनीक से उत्पादों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित की जाती है। जीसीपीएल के सीनियर मैनेजर (मार्केटिंग) नितेश कुमार पांडेय ने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव को और गहरा करेगा। अभियान पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, असम और बिहार में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया जा रहा है।

# हावड़ा मंडल ने रेलवन ऐप को लेकर जागरूकता अभियान चलाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा 21 जनवरी को रेलवन मोबाइल ऐप के प्रचार और जागरूकता के लिए विशेष अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान हिंदी विश्वविद्यालय तथा सलकिया केदारनाथ बाबूलाल राजगढ़िया गर्ल्स हाई स्कूल परिसर में संचालित किया गया। अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताओं व लाभों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रेलवन ऐप भारतीय रेलवे की एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से यात्रियों को टिकट बुकिंग सहित विभिन्न यात्री सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होती हैं। विद्यार्थियों को ऐप के उपयोग को समझाने के लिए लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को रेलवन ऐप अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनसे अपने परिवार और मित्रों को भी इस ऐप की जानकारी देने का आह्वान किया गया, ताकि वे डिजिटल जागरूकता के माध्यम बन सकें। इस अभियान में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में कांग्रेस की रैली



**कोलकाता, समाज्ञा :** परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवाद रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने किया। यह रैली ठनठनिया कालीबाड़ी से कॉलेज स्ट्रीट तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में पोस्टर लिए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान रास्ता अवरोध कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन भी किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि भाजपा शासन में न तो गौ-हत्या पर रोक लग रही है और न ही शंकराचार्य की मर्यादा सुरक्षित है। वरिष्ठ नेता अमिताभ चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े बीफ निर्यात से भाजपा से जुड़े लोग जुड़े हैं और धर्म व सनातन के नाम पर ढोंग किया जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पार्षद संतोष पाठक ने कहा कि धर्म के नाम पर सत्ता चलाने वाले लोग ही आज धर्म और संतों को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म और शंकराचार्य के सम्मान की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़ी है।

इस मौके पर प्रदेश नेता आशुतोष चटर्जी, तपन अग्रवाल, पुर्णो घोष सहित कई नेता मौजूद रहे। वहीं, बड़ाबाजार जिला कांग्रेस के सभापति भोला यादव के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा भी मुख्य रैली में शामिल हुई। रैली में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान रविंद्र तिवारी, कालीनाथ सिंह, शमीम अख्तर, परवेज खान, शिवराज बाल्मिकी, विक्रम सिंह, मो. हुसैन, मुन्ना शुक्ला, दीपक सिंह, पंकज सोनकर, मो सरफराज, रजनी सिंह, सुनील चौबे, राजनारायण मिश्रा, प्रदीप साहू, अंजित सिंह, आकिब गुलजार, इन्तिकाब अख्तर, संजीव शर्मा, पिंकू तिवारी, अंजनी दुबे, ददन सिंह, राकेश सिंह भोला, राकेश साव, लालचंद, फुरकान व अन्य सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टिकट जांच अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा बुधवार को हावड़ा स्टेशन पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया। उनके साथ 44 टीटीई, आरपीएफ के 9 जवान तथा जीआरपीएफ का 1 कर्मी तैनात रहा, जिससे प्रभावी समन्वय और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकी। अभियान के दौरान कुल 587 मामलों में अनियमितताएं पाई गईं। इनमें 388 मामले बिना टिकट यात्रा करने के, 156 मामले बिना बुक किए गए सामान के तथा 43 मामले गंदगी फैलाने से संबंधित थे। सभी उल्लंघनकर्ताओं पर रेलवे के प्रचलित नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया गया। यह अभियान हावड़ा मंडल की राजस्व संरक्षण, जिम्मेदार यात्रा व्यवहार को बढ़ावा देने और स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैध टिकट के साथ यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करें।

# पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने पराग पारिख लार्ज कैप फंड किया लॉन्च




**कोलकाता, समाज्ञा :** पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड का नया फंड ऑफर (एनएफओ), पराग पारिख लार्ज कैप फंड, 19 जनवरी को खुला और 30 जनवरी को बंद होगा, यह स्कीम 6 फरवरी 2026 को फिर से खुलेगी। यह स्कीम फंड हाउस की शुरुआत के बाद से सातवीं पेशकश है। इस स्कीम का मकसद कम लागत में बड़े लार्ज-कैप एक्सपोज़र देना है। न्यूनतम निवेश 1,000 रुपये होगा और उसके बाद, 1 रुपये के मल्टीपल में निवेश किया जा सकता है। कोई एंट्री या एग्जिट लोड नहीं होगा। डायरेक्ट और रेगुलर दोनों प्लान में ग्रोथ और इनकम डिस्ट्रीब्यूशन व कैपिटल विड्रॉल ऑप्शन मिलेंगे। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड के चेयरमैन और सीईओ नील पराग पारिख ने कहा कि कई इन्वेस्टर ऐसे लार्ज-कैप इन्वेस्टमेंट चाहते हैं जो ट्रांसपेरेंट, कम लागत वाले और कंसिस्टेंट हों। यह फंड इसी डिमांड को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है, जिसमें स्मार्ट एग्जीक्यूशन और कॉस्ट एफिशिएंसी पर फोकस किया गया है, जिसका फायदा एंड इन्वेस्टर्स को मिलेगा। राजीव ठक्कर, रौनक ओंकार, राज मेहता, रुकुन ताराचंदानी, तेजस सोमन और ऐश्वर्या धर इस स्कीम को मैनेज करेंगे।

# कॉलेज स्ट्रीट में किसी भी तरह की सभा-जुलूस पर रोक, प्रशासनिक आदेश जारी




**कोलकाता :** कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट इलाके में किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस या जमावड़े पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है। कॉलेज स्ट्रीट और उससे सटे क्षेत्रों में कई शिक्षण संस्थान स्थित होने के कारण पढ़ाई का माहौल बनाए रखने और शांति-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस ने यह कड़ा कदम उठाया है।

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने 21 जनवरी को आदेश जारी कर कॉलेज स्ट्रीट और आसपास के इलाकों में बैठक, जुलूस, रैली, जमावड़ा और प्रदर्शन पर प्रतिबंध घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि इस क्षेत्र में स्थित अनेक शिक्षण संस्थानों में माइक के उपयोग, नारेबाजी और भीड़ के कारण पठन-पाठन बाधित हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

यह प्रतिबंध 25 जनवरी 2026 से 25 मार्च 2026 तक (रविवार को छोड़कर) प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार, पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जुलूस, सभा या किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निषेधाज्ञा के दायरे में अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाना, मुचिपाड़ा थाना और जोरासांको थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला कॉलेज स्ट्रीट से सटा इलाका शामिल है।

हालांकि, कॉलेज स्क्वायर को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय छात्रों के हित और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित 'हिंदी अस्मिता बोध : अज्ञेय और विद्यानिवास मिश्र का संदर्भ'



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के सहयोग से हिंदी विभाग, खिदिरपुर कॉलेज, कोलकाता द्वारा आयोजित हिंदी अस्मिता बोध : अज्ञेय और विद्यानिवास मिश्र का संदर्भ विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन बाबासाहेब अंबेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. सोमा बंद्योपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अस्मिता नामक स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। बीज वक्तव्य में भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता के निदेशक डॉ. शंभुनाथ ने समकालीन साहित्यिक विमर्श की वैचारिक दिशा को रेखांकित किया। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों के डॉ. कमल कुमार, सहायक प्राध्यापक, उमेशचंद्र कॉलेज, कोलकाता, डॉ. वरुण कुमार, पूर्व निदेशक, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली, डॉ. रेश्मी पांडा मुखर्जी, गोखले मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज, अजेन्द्रनाथ त्रिवेदी, सलाहकार (राजभाषा), राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कोलकाता अतिथि थे। सत्रों के वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी, बारासात के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण होता तथा कोलकाता विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामप्रवेश रजक अध्यक्ष थे।

## इटाहार में जंगल में मिला महिला का क्षत-विक्षत शव

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के इटाहार इलाके में जंगल से गुरुवार की सुबह एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान राबी खातून (32) के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने इटाहार थाना अंतर्गत बाजितपुर जंगल में शव पड़ा हुआ देखा। शव की हालत इतनी भयावह थी कि देखते ही लोगों के बीच दहशत फैल गई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर इटाहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राबी खातून बुधवार रात अपने ससुराल से मायके जाने के लिए निकली थी, लेकिन रास्ते में ही वह लापता हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि राबी खातून का अपहरण कर हत्या की गई और शव को जंगल में फेंक दिया गया।

### तीन दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे ईडी चीफ

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के डायरेक्टर राहुल नवीन तीन दिन के दौरे पर गुरुवार की शाम कोलकाता पहुंचे। ईडी डायरेक्टर राहुल नवीन गुरुवार की शाम की फ्लाइट से कोलकाता पहुंचे हैं। यहां से वह ईडी के अन्य अधिकारियों के साथ होटल के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार से ईडी चीफ आई-पैक और अन्य मामलों में जांच करेंगे।

### एसआईआर को लेकर कथित परेशानियां, सुनवाई के लिए परिवहन सचिव को नोटिस

**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। इस बार राज्य के परिवहन सचिव सौमित्र मोहन को सुनवाई के लिए तलब किया गया है। जानकारी के अनुसार, उन्हें आगामी 25 जनवरी को निर्धारित दस्तावेजों के साथ एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सौमित्र मोहन न्यू टाउन विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। चुनाव आयोग की ओर से भेजे गए नोटिस में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2002 में उनके पिता के नाम और वर्तमान मतदाता सूची (इलेक्टोरल रोल) में दर्ज पिता के नाम में अंतर पाया गया है। इसी विसंगति के आधार पर उन्हें सुनवाई का नोटिस जारी किया गया है। बताया गया है कि 25 जनवरी को उनसे इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज पेश करने को कहा गया है। हालांकि, इस पूरे मामले पर अब तक परिवहन सचिव सौमित्र मोहन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस तरह नोटिस मिलने से प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

### अपटिक 24 जनवरी को बीएसई में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**कोलकाता :** ग्रोवकैप फिनटेक इकोसिस्टम का हिस्सा अपटिक, शनिवार, 24 जनवरी, 2026 को इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), मुंबई में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन से पहले, विनोद वर्मा ऐनामपुडी, को-फाउंडर और सीईओ, अपटिक ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक बाजार अधिक परस्पर जुड़े होते जा रहे हैं, निवेशकों को जटिल नियामक, आर्थिक और भू-राजनीतिक कारकों को समझने की आवश्यकता बढ़ रही है। यह सम्मेलन इन विषयों के इर्द-गिर्द सूचित संवाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ निवेश निर्णय लेने में पारदर्शिता, शासन और दीर्घकालिक अनुशासन के महत्व को मजबूत करने के उद्देश्य से है।

# बालागढ़ बीडीओ कार्यालय के सामने आमने-सामने तृणमूल-भाजपा

**हुगली :** एसआईआर को लेकर तनाव बढ़ते ही जा रहा है। बालागढ़ बीडीओ कार्यालय के सामने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। बीडीओ कार्यालय परिसर और आसपास का इलाका काफी देर तक तनावपूर्ण बना रहा। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री की पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसको लेकर पुलिस के साथ भी तीखी नोक झोक हुई। भाजपा का आरोप है कि उनके एक बीमार कार्यकर्ता को अस्पताल ले जाने के दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं ने गाड़ी रोककर हमला किया। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। स्थिति बिगड़ती देख बालागढ़ थाने की भारी पुलिस बल मौके पर तैनात की गई और हालात



को काबू में लिया गया। दरअसल, भाजपा का दावा है कि तृणमूल ने वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बालागढ़ में हजारों फॉर्म-7 जमा किए हैं। इसी आरोप को लेकर गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस ने बीडीओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और गणेश कुमार के पुतले जलाए थे। इसके जवाब में शुक्रवार को भाजपा ने बीडीओ कार्यालय के सामने पलटा प्रदर्शन का आह्वान किया। हालांकि, बीडीओ कार्यालय के मुख्य गेट पर तृणमूल की ओर से भी धरना कार्यक्रम जारी रहा। बीडीओ कार्यालय के दोनों गेटों पर दोनों दलों के समर्थक माइक लगाकर नारेबाजी करने लगे। जय श्रीराम और जय बांग्ला के नारों से पूरा इलाका गरमा गया। बाद में दोनों दलों के कार्यकर्ता एसटीकेके रोड पर उतर आए, जहां पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

इसी बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजय बिश्वास की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाने के दौरान तृणमूल नेत्री रूना खातून द्वारा गाड़ी रोककर हमला किए जाने का आरोप भाजपा नेता सुरेश साव ने लगाया। सुरेश साव का यह भी आरोप है कि उनकी गाड़ी पर हमला किया गया।

घटना के समय कल्याणी के भाजपा विधायक अंबिका राय एसटीकेके रोड से गुजर रहे थे। घटना देखकर वह भी मौके पर रुक गए। बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस तृणमूल के हरमादों को सड़कों पर उतारकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करवा रही है। उन्होंने कहा कि बीडीओ कार्यालय में एसआईआर की सुनवाई चल रही है और तृणमूल उसे बाधित करने की कोशिश कर रही है। पिछले कई दिनों से तृणमूल माइक लगाकर प्रदर्शन कर रही है ताकि सुनवाई बंद हो जाए। तृणमूल फर्जी मतदाताओं के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती है। भाजपा के एक कार्यकर्ता को बुरी तरह घायल किया गया है। इस तरह चुनाव जीतना संभव नहीं है, यहां राष्ट्रपति शासन में चुनाव कराना चाहिए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की नेत्री रूना खातून ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा आंदोलन करने नहीं, बल्कि बीडीओ कार्यालय में अशांति फैलाने आई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर आम लोगों के नाम हटाने की साजिश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस आंदोलन कर रही है। हम लोगों की मदद के लिए बीडीओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठे हैं। हमारे पास अनुमति थी, लेकिन भाजपा के पास कोई अनुमति नहीं थी। वे माइक लेकर आकर शांत माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे।

बताया गया है कि घायल भाजपा कार्यकर्ता को पहले जिराट अस्पताल ले जाया गया, जहां से बाद में उसे चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

## 74वें डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में आयोजित 74वें वार्षिक डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस का भव्य उद्घाटन हुआ। समारोह में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, प्रसिद्ध गायक डॉ. अजय पोहांकर, सौरभ बासु, डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस के संरक्षक संजय बुधिया और महासचिव मोनोतोश मुखर्जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष डॉ. अजय पोहांकर, जो विख्यात शास्त्रीय गायक हैं, को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए संगीत सम्मान पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, युवा प्रतिभा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमन हुसैन को उनके सरंगी प्रदर्शन के लिए केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर यंग टेलेंट्स से सम्मानित किया जाएगा।



## अप्रैल में होगा विधानसभा चुनाव : शुभेंदु अधिकारी

### भाजपा नेता ने लोगों से निडर होकर मतदान करने की अपील की

**हावड़ा, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को उम्मीद व्यक्त की कि अप्रैल महीने में राज्य में विधानसभा चुनाव होगा। उत्तर हावड़ा के बांधाघाट इलाके में हावड़ा जिला भाजपा की ओर से शाम में आयोजित पार्टी की परिवर्तन संकल्प सभा को संबोधित करते हुए शुभेंदु ने उम्मीद जताई कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगामी 14 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद निर्वाचन आयोग राज्य में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर देगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि चुनाव के दिन छुट्टी समझकर घर पर ना बिताएं, बल्कि बिना किसी डर से घरों से बाहर निकलकर मतदान करें।



शुभेंदु ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि इस बार किसी भी हाई राइज बिल्डिंग में ताला नहीं लगने दिया जाएगा और आप लोग निश्चिंत होकर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिया कि किसी को भी तृणमूल के गुंडों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। शुभेंदु ने कहा कि एसआईआर से तृणमूल कांग्रेस व ममता बनर्जी सरकार पूरी तरह डरी हुई है। उन्होंने कहा कि तृणमूल के 15 वर्षों के कुशासन के खिलाफ इस बार पूरे राज्यभर में परिवर्तन की लहर है। उन्होंने परिवर्तन की सरकार बनाने के लिए लोगों से घर से बाहर निकलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। तृणमूल पर हमला बोलते हुए शुभेंदु ने कहा कि जिस तरह बरसात के समय या मकानों के अंदर सांपों के प्रवेश करने से रोकने के लिए आप कार्बोलिक एसिड का छिड़काव करते हैं, उसी तरह चुनाव आयोग ने एसआईआर के जरिए बंगाल में कार्बोलिक एसिड का ऐसा छिड़काव किया है कि कुछ लोग बिलबिला कर निकल रहे हैं। शुभेंदु ने कहा कि भारत के मुसलमानों को एसआईआर से डरने की कोई जरूरत नहीं है। कार्यक्रम में भाजपा नेता उमेश राय, संजय सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता व समर्थक उप-स्थित रहे।

## एसआईआर : सुनवाई के भय से राज्य में फिर दो मौतें

**कोलकाता/पूर्व मेदिनीपुर :** एसआईआर की सुनवाई की घबराहट की वजह से राज्य में फिर से दो जिलों में मौतें हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी ब्लॉक के करंजली इलाके में खलेदा बीबी (50) नाम की एक महिला की मौत हो गई। दूसरी ओर, पूर्व मेदिनीपुर के कांथी के देशप्रान ब्लॉक के बसंतिया में शमशुन बीबी (55) की मौत हो गई। बताया गया है कि कुलपी ब्लॉक के करंजली इलाके की खलेदा बीबी के चार बेटों और दो चाचियों को सुनवाई के नोटिस मिले थे। खलेदा इस बात को लेकर परेशान थीं। परिवार ने बताया कि उन्हें डर था कि बेटों को कहीं और जाना पड़ेगा। परिवार ने आरोप लगाया कि इसी मानसिक तनाव के कारण वह बीमार पड़ गईं और उनकी



मौत हो गई। दूसरी तरफ, कांथी के देशप्रान ब्लॉक के बसंतिया इलाके के मकतब पुरबा बूथ की रहने वाली शमशुन बीबी को उनके घर के तीन लोगों के लिए सुनवाई का नोटिस मिला था। वे इस बात को लेकर चिंतित थे कि क्या वे अपने दस्तावेज ठीक से जमा कर पाएंगे। परिवार का दावा है कि मानसिक तनाव के कारण शमशुन की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। परिवार का दावा है कि इस चिंता में उनकी जान चली गई कि उनके बेटे का नाम वोटर लिस्ट में होगा या नहीं।

## कोलकाता में स्टेकहोल्डर्स रोडशो आयोजित, भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 की तैयारियों पर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के बिजली क्षेत्र के भविष्य और आधुनिक ऊर्जा रणनीति को आकार देने के उद्देश्य से कोलकाता में गुरुवार को स्टेकहोल्डर्स एंगेजमेंट एवं रोडशो का आयोजन किया गया। यह रोडशो आगामी भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट-2026 की तैयारियों का हिस्सा है, जो 19 से 22 मार्च 2026 तक नई दिल्ली के यशोभूमि, द्वारका में आयोजित किया जाएगा। समिट की थीम इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, इंपावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्शन ग्लोबली रखी गई है और यह वैश्विक नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, तकनीकी प्रदाताओं, निवेशकों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण, भंडारण और स्मार्ट उपभोग पर भविष्य की दिशा



तय करेगा। रोडशो में कई गणमान्य नेताओं ने भाग लिया, जिनमें आदिश कुमार गुप्ता, कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस), पावरग्रिड; पथिक कुमार नायक, कार्यकारी निदेशक (प्रोजेक्ट्स), डबल्यूबीएसईडीसीएल; दिनेश कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक (सिस्टम्स); बी.डी. अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, ईईपीसी इंडिया; एस. नंदन, महाप्रबंधक (यूएसएससी), एनटीपीसी; और आशिष कुमार झा, डीजीएम (ई), एनएचपीसी शामिल थे। इसके अलावा, भारत के बिजली क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। समिट में 50 से अधिक उच्चस्तरीय सम्मेलन सत्र आयोजित होंगे, जिनमें 300 से अधिक वक्ता, 1,000 प्रतिनिधि, 500 प्रदर्शक और 25,000 से अधिक आगंतुक शामिल होंगे। यह पहल विद्युत मंत्रालय के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है।

## पिता-पुत्र की उम्र में 39 वर्ष का अंतर, एसआईआर सुनवाई के लिए सीपीएम नेता कलतान को बुलावा

**कोलकाता :** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत लगातार प्रमुख नेताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। अभिनेता देव और विधायक नौशाद सिद्दीकी के बाद अब सीपीआई(एम) नेता कलतान दासगुप्ता को भी एसआईआर की सुनवाई में तलब किया गया है। हालांकि, उन्हें अब तक लिखित नोटिस नहीं मिला है और केवल बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की ओर से फोन कर बुलाया गया है।

बताया गया है कि पिता-पुत्र की उम्र में 39 वर्ष के अंतर को लेकर दस्तावेज मांगे गए हैं। इस संदर्भ में कलतान दासगुप्ता ने बताया कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में उनके पिता का नाम दर्ज था। वर्ष 2007 में उनके पिता का निधन हो गया। बाद में उनसे आधार कार्ड दिखाने को कहा गया, लेकिन पिता के निधन के कारण यह संभव नहीं हो सका। उनका कहना है कि बीएलओ ने उन्हें बताया कि पिता और पुत्र की उम्र में 39 वर्ष का अंतर होने के कारण दस्तावेज मांगे गए हैं।

वहीं, बीएलओ अंशुप्रिया बारुई ने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया है। उनके अनुसार, लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के आधार पर कलतान दासगुप्ता को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक लिखित नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है और नोटिस मिलते ही संबंधित व्यक्ति को सौंप दिया जाएगा। इस घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है, वहीं एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इस तरह की सुनवाइयों को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।

## मध्यमग्राम में रासायनिक कारखाने में लगी आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम के बादुर दीघबेरिया नंबर-दो गेट इलाके में स्थित एक रासायनिक कारखाने में गुरुवार की दोपहर आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि पूरा कारखाना धूं-धूं कर जलने लगा और काले धुएं से पूरा इलाका ढक गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दमकल की पांच गाड़ियां पहुंचीं। आग की तीव्रता देखते हुए और भी गाड़ियां बुलाई जा रही हैं। दमकल कर्मी युद्धस्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय कई मजदूर कारखाने में काम कर रहे थे, लेकिन आग लगते ही सभी बाहर निकल आए। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार, रासायनिक कारखाने में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ जमा थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है, हालांकि सटीक कारण की जांच की जाएगी। खबर लिखे जाने तक पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे।

## भगवान से भक्ति मांगें, भोग विनाश का कारण : पं. मालीराम शास्त्री

- **बंगेश्वर महादेव नया मंदिर, बांधाघाट में आज मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

**हावड़ा :** 'सांसारिक मोह-माया के बंधन में फंसा मनुष्य सदा चिंतित रहता है, जबकि चिंता से बुद्धि का नाश होता है। मनुष्य को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन की आवश्यकता है, क्योंकि चिंतन से बुद्धि निर्मल और विकसित होती है। जिसकी बुद्धि निर्मल होती है, वह स्वतः ही सांसारिक दुःखों से दूर हो जाता है।' ये उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में भागवत जन-कल्याण ट्रस्ट की ओर से माघ मास के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ के तीसरे दिन भागवत मर्मज्ञ पं. श्री मालीराम शास्त्री ने व्यक्त किए। यह आयोजन सरोज-दिलीप चौधरी (अनमोल ग्रुप) के मुख्य यजमानत्व तथा महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में हो रहा है।



कथा प्रसंग में अजामिल की कथा का वर्णन करते हुए पं. शास्त्री ने कहा कि 'अजा' का अर्थ माया और 'मिल' का अर्थ मिलना होता है, अर्थात अजामिल का अर्थ माया से मिलना है। उन्होंने कहा कि पाप प्रायः आँखों के माध्यम से मन में प्रवेश करता है- आंखें बिगड़ती हैं तो मन भी बिगड़ जाता है। भक्त प्रह्लाद की कथा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता सदाचारी हों लेकिन संतान दुराचारी हो, तो जीवन बिगड़ जाता है; वहीं यदि संतान सदाचारी हो और माता-पिता दुराचारी हों, तो भी जीवन सुधर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान से भोग नहीं, बल्कि भक्ति मांगनी चाहिए, क्योंकि 84 लाख योनियों के बंधन से मुक्त होने का यही सर्वोत्तम साधन है। भोग क्षणिक सुख देता है, लेकिन उसका परिणाम विनाशकारी होता है। पं. शास्त्री ने कहा कि यह मान्यता है कि वृद्धावस्था में भजन करने से अगला जन्म सुधरता है, तो फिर बचपन से ही भगवद्भजन क्यों न किया जाए, जिससे यह जन्म भी सुधर जाए।

कथा प्रारंभ से पूर्व दैनिक यजमान पुष्पा-सुभाष अग्रवाल (रेवांस ग्रुप) सहित 35 एमएम के संचालक अशोक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, रोहित अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने व्यासपीठ को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि कथा के चौथे दिन, 23 जनवरी को दोपहर 2 से 6 बजे तक पं. श्री शास्त्री द्वारा गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, समुद्र मंथन, रामावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथाओं का प्रवचन किया जाएगा। इसी अवसर पर संगीता-संजय अग्रवाल (डीजी ग्रुप) के यजमानत्व में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आकर्षक झांकियाँ एवं भजनों पर आधारित रासलीला भी प्रस्तुत की जाएगी।

### उन्नयन की पांचाली कार्यक्रम में 5 बीएलए सम्मानित, ममता बनर्जी की योजनाओं पर डाली गई रोशनी



**हुगली :** उन्नयन की पांचाली कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नंबर चार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 बीएलए - 2 को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी टीवी के माध्यम से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पिछले 15 वर्षों की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर चार के पार्षद शाकिर अली की पहल पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जुमलेबाज़ी में विश्वास नहीं रखतीं, बल्कि जो कहती हैं, वही करके दिखाती हैं। कार्यक्रम में रिसड़ा टाउन तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष बनर्जी, श्रीरामपुर नगरपालिका के वाइस चेयरमैन उत्तम नाग सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द्र ही बंगाल की समृद्धि, विकास और एकता-भाईचारे की असली पहचान है। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक लोगों के बीच उन्नयन की पांचाली पुस्तिका का वितरण भी किया गया, ताकि आम जनता तक राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी पहुंच सके।

# कोन्ननगर कनाईपुर कन्या विद्यालय में टीआईसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, पूरे स्कूल परिसर में तनाव

**हुगली :** जिले के कोन्ननगर कनाईपुर कन्या विद्यालय में टिचर-इन-चार्ज के खिलाफ विद्यालय की शिक्षिकाओं छात्राओं और अभिभावकों का गुस्सा फुट पड़ा। विद्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। लंबे समय से स्कूल की बदहाल बुनियादी सुविधाओं के खिलाफ छात्राएं, शिक्षिकाएं और अभिभावक एकजुट होकर आंदोलन में उतर आए, जिससे पूरे स्कूल परिसर में भारी तनाव का माहौल बन गया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि विद्यालय के बाथरूम और शौचालय लंबे समय से जर्जर हालत में हैं और उपयोग के योग्य नहीं बचे हैं। साफ-सफाई और नियमित रखरखाव के अभाव में छात्राओं को भारी परेशानी



का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार स्कूल प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे नाराज़गी और बढ़ गई।

इसके साथ ही, चालू शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन न होने से भी छात्राओं में गहरा असंतोष है। आंदोलन को और भड़काने वाला कारण बना टीआईसी का यह फैसला कि इस वर्ष विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं किया जाएगा, जबकि पूजा में अब मात्र एक दिन शेष है। इस निर्णय के बाद छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा।

छात्राओं का कहना है कि सरस्वती पूजा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ उत्सव है। ऐसे में पूजा न कराने का निर्णय वे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगी। विद्यालय की कुछ शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के इस विरोध को समर्थन देते हुए आंदोलन में भाग लिया।

वहीं, प्रदर्शन में शामिल अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल का समग्र वातावरण और प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। घटना को लेकर पूरे विद्यालय में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी और तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हालांकि खबर लिखे जाने तक स्कूल प्रशासन या टीआईसी की ओर से कोई लिखित या आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। टीचर इंचार्ज से जब फोन पर संपर्क किया गया तो वह अपनी प्रतिक्रिया देने में आनाकानी करती रही।

अब सभी की निगाहे जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर स्थिति में क्या कदम उठाते हैं और विद्यालय की समस्याओं का समाधान कैसे करते हैं।

### सोदपुर फ्लाईओवर मरम्मत कार्य के लिए 5 दिनों तक रहेगा बंद



**कोलकाता, समाज्ञा :** सोदपुर रेलवे फ्लाईओवर पर काफी समय से मरम्मत का काम चल रहा है। हालांकि, पुल को थोड़ा-बहुत खुला रखा जा रहा था। इस बार, मरम्मत के काम के लिए जरूरी होने पर पुल को 5 दिनों के लिए पूरी तरह बंद करने का फैसला किया गया है। काम पूरा होने के बाद, यानी 28 जनवरी को पुल को आम लोगों के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। हालांकि, इन कुछ दिनों में यात्रियों को अपनी मंज़िल तक पहुंचने के लिए एक चक्कर लगाना होगा। इस सोदपुर फ्लाईओवर के कुल 28 गर्डरों के 56 बेयरिंग और एक्सपेंशन जॉइंट बदलने का काम पूजा से पहले शुरू हो गया है। अब तक हफ्ते में दो दिन पुल को बंद रखकर मरम्मत का काम चल रहा था। वह काम पहले ही पूरा हो चुका है। अब फ्लाईओवर की सड़क की मरम्मत का काम शुरू होगा। इस दौरान, भारी और बड़े वाहन बीटी रोड पर गिरजा मोड़ से रेल गेट नंबर 8, रश्मोनी मोड़, आरएन एवेन्यू और केया मोड़ होते हुए मध्यमग्राम-सोदपुर रोड पर कचकल मोड़ तक वैकल्पिक रास्ते के तौर पर चलेंगे। इसके अलावा, छोटे वाहनों को रामचंद्रपुर रोड होते हुए बीटी रोड भेजा जाएगा।

### एमवे इंडिया ने लॉन्च किया न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वस्थ बाल, त्वचा और नाखूनों के लिए एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया है। यह वैज्ञानिक रूप से विकसित न्यूट्रास्युटिकल शरीर के भीतर से बाल, त्वचा और नाखूनों को पोषण प्रदान करता है। लॉन्च के अवसर पर एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि आज के उपभोक्ता यह समझ रहे हैं कि समग्र स्वास्थ्य और बाहरी रूप आपस में जुड़े हैं। इस नए उत्पाद में बायोटिन, जिंक, विटामिन सी और बीटा कैरोटीन का संयोजन है, जो बालों की वृद्धि, नाखूनों की मजबूती, कोलेजन उत्पादन और त्वचा की यूवी सुरक्षा में मदद करता है। यह उत्पाद 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों के लिए प्रतिदिन एक टैबलेट के रूप में सुझाया गया है। न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस अब एमवे स्टोर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और एमवे की वेबसाउट पर उपलब्ध है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राम मंदिर न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की हालत स्थिर

**अयोध्या :** राम मंदिर न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की स्थिति बृहस्पतिवार को स्थिर रही और उनके इलाज के लिए डाक्टरों की एक टीम लगाई गई है। संबंधित अस्पताल ने यह जानकारी दी। महंत नृत्य गोपाल दास के करीबी सहयोगी महंत कमल नयन दास ने बताया कि महंत नृत्य गोपाल दास का स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद बुधवार को उन्हें लखनऊ में मेदांता अस्प-ताल के लिए रेफर किया गया था। इलाज से संबद्ध डाक्टर एस के पाठक ने बताया कि 87 वर्षीय संत ने पिछले 36 घंटों से अन्न जल ग्रहण नहीं किया है और वह डायरिया से पीड़ित हैं। महंत कमल नयन दास ने कहा कि महंत नृत्य गोपाल दास की स्थिति बिगड़ गई थी जिसके बाद डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ में मेदांता अस्पताल के लिए रेफर किया।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से मेला प्रशासन को नोटिस का जवाब भेजा गया

**प्रयागराज :** माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या स्नान करने से मेला पुलिस और प्रशासन द्वारा कथित तौर पर रोके जाने के बाद जारी विवाद के बीच स्वामी की ओर से मेला प्रशासन को दूसरे नोटिस का जवाब भेज दिया गया है। मेला प्रशासन ने दूसरे नोटिस में स्वामी से पूछा था कि क्यों न उनकी संस्था को दी जा रही भूमि एवं सुविधाओं को निरस्त कर उन्हें सदैव के लिए मेले में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया जाए। स्वामी की ओर से दिए गए जवाब में कहा गया है कि मेला प्रशासन द्वारा लगाया गया यह आरोप कि स्वामी जी बग्घी से मौनी अमावस्या स्नान के लिए गए थे, पूरी तरह निराधार और दुर्भावनापूर्ण है तथा फिलहाल न तो स्वामी के शिविर में और न ही उनके किसी आश्रम में कोई बग्घी है। मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में कहा गया था कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मौनी अमावस्या पर आरक्षित पुल संख्या दो पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए बग्घी पर सवार होकर भीड़ के साथ जा रहे थे। उस समय स्नानार्थियों की अत्यधिक भीड़ थी और केवल पैदल आवागमन की अनुमति थी। अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से नोटिस के जवाब में यह भी कहा गया है कि महाराज श्री विशेष परंपरागत पालकी से संगम स्नान करने जा रहे थे जिसमें छह इंच के व्यास वाले स्टील के पहिये लगे हैं तथा इन पहियों की सहायता से कभी-कभी भक्त उसे (पालकी को) धकेल कर आगे बढ़ाते हैं।

# योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया, मई 2026 तक सत्र शुरू करने के निर्देश



**मेरठ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मेरठ के सलावा क्षेत्र में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का दौरा किया और संबंधित संस्थाओं को 31 मई, 2026 तक हर स्थिति में यहां शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद पत्रकारों से कहा कि बीते एक दशक में देश में खेलों को लेकर सोच और व्यवस्था दोनों में बड़ा बदलाव आया है तथा 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट' एवं जनप्रतिनिधियों से जुड़ी खेल प्रतियोगिताओं ने युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा पैदा की है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार द्वारा गांव से लेकर जिले तक खेल ढांचे को मजबूत किये जाने का दावा करते हुए कहा कि ग्रामीण खेल लीग और विधायक खेल प्रतियोगिताओं के जरिए प्रतिभाओं को सामने लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ ऐतिहासिक और क्रांतिकारी परंपरा वाला क्षेत्र रहा है और 'एक जिला, एक उत्पाद' जैसी पहल को भी यहां से बल मिला है। उन्होंने कहा कि इसी कारण खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मेरठ को चुना गया तथा विश्वविद्यालय का क्षेत्रफल 90 एकड़ से बढ़ाकर 100 एकड़ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 250 करोड़ रुपये और दूसरे चरण में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, कुछ पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है और आगामी शैक्षणिक सत्र से यहां नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विश्वविद्यालय में 12 खेल विधाओं से जुड़े डिप्लोमा, डिग्री और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाने के लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण कार्य से जोड़ा जाए।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनावश्यक नियम हटाने के निर्देश दिए

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि शासन का लक्ष्य नागरिकों और उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं, अनुमतियों और निरीक्षणों से राहत देकर भरोसे पर आधारित पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर सुधार का प्रभाव जमीन पर दिखना चाहिए और आम व्यक्ति को यह अनुभव होना चाहिए कि व्यवस्था उसके लिए आसान हुई है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अनुपालन सुधारों के पहले चरण में देश में एक मजबूत पहचान बनाई है और अब दूसरे चरण के माध्यम से इन सुधारों को स्थायी और संस्थागत रूप दिया जाना है। उन्होंने कहा कि यह चरण केवल नियमों में बदलाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली और सोच में परिवर्तन का माध्यम है।

### कर्तव्य पथ पर यूपी की झांकी में विरासत और विकास का संगम

**लखनऊ :** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड में इस वर्ष उत्तर प्रदेश की झांकी एक बार फिर आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार की गई यह झांकी प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ तेज विकास यात्रा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस बार झांकी में बुंदेलखंड की गौरवशाली संस्कृति को विशेष रूप से उभारा गया है। झांकी के अग्रभाग में कालिंजर दुर्ग की प्रसिद्ध शैल-कला का प्रतीक एकमुख लिंग स्थापित किया गया है, जो क्षेत्र की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देता है। मध्य भाग में बुंदेलखंड की हस्तशिल्प परंपराओं, मृद्भांड कला, मनका शिल्प और स्थानीय व्यापार को दर्शाया गया है, जिन्हें 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। यह प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कारीगरों की प्रतिभा को रेखांकित करता है। झांकी के पिछले हिस्से में कालिंजर दुर्ग के नक्काशीदार स्तंभ, भव्य द्वार और नीलकंठ महादेव मंदिर की झलक दिखाई देगी।

### 'हेरिटेज' बावड़ियों का संरक्षण राजस्थान सरकार की प्राथमिकता: दिया कुमारी



**जयपुर:** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बृहस्पतिवार को 'हेरिटेज' बावड़ियों के संरक्षण को राजस्थान सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शेखावाटी की हवेलियों का संरक्षण होगा और मंडावा को इसके मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पर्यटन एवं कला एवं संस्कृति विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें उन्होंने शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा मंडावा को विरासत संरक्षण के मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। एक सरकारी बयान के अनुसार दिया कुमारी ने राज्य की बावड़ियों के संरक्षण के लिए भी समग्र कार्य योजना बनाकर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राजस्थान में बावड़ियों के संरक्षण के लिए बेहतरीन काम हो रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारी कई बावड़ियों पर पहले से ही संरक्षण के काम किये जा रहे हैं। उनमें से कुछ काम हो भी चुके हैं। बावड़ियों के संरक्षण के लिए हम उन सब कार्यों का दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। उसी के आधार पर राज्य में आगे और कौन-कौन सी बावड़ियों का संरक्षण किया जा सकता है-- इसके लिए भी कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।'

### झांसी जिले में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**झांसी :** झांसी की एक अदालत ने सात वर्षीय एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में उसी के गांव के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर दो लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि 17 नवंबर, 2022 की रात उल्दन थाने में पहुंची एक ग्रामीण मजदूर महिला ने बताया था कि जब वह गांव में खेतों पर काम करने के लिए गई थी और दोपहर में उसकी सात वर्षीय बच्ची घर में अकेली खेल रही थी, तभी 35 वर्षीय रवींद्र उसे बहला-फुसलाकर पास के एक पुराने एक घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## नीतीश कुमार ने सिवान जिले में 202 करोड़ रुपए की 71 योजनाओं का किया उद्घाटन/शिलान्यास



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में सिवान जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया तथा 202 करोड़ रुपए की 71 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 157 करोड़ रुपए की 40 योजनाओं का शिलान्यास तथा 45 करोड़ रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने सिवान जिले में विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजना सिवान-आंदर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सड़क निर्माण का कार्य लगभग 24 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### महिलाओं के भाषण के दौरान उठकर जाने पर भड़के नीतीश कुमार

**सिवान:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बृहस्पतिवार को उस समय आपा खो बैठे, जब उन्होंने अपने भाषण के दौरान महिलाओं के एक समूह को उठकर जाते देखा। उस वक्त वह अपनी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए उठाए गए कदमों का विस्तार से जिक्र कर रहे थे। राज्य के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री ने सिवान जिले में एक कार्यक्रम में तीखे लहजे में कहा, आप सभी महिलाएं क्यों भाग रही हैं? अगर आप रुककर नहीं सुनेंगी तो आपको कैसे पता चलेगा कि आपके लिए क्या-क्या किया जा रहा है? वह सिवान जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां वह एक सप्ताह पहले शुरू की गई राज्यव्यापी 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में पहुंचे थे। नीतीश कुमार दो महीने से भी कम समय में 76 वर्ष के हो जाएंगे।

### बृज भूमि पर बसंत पंचमी से शुरू होगा 40 दिन का होली उत्सव

**मथुरा :** बसंत पंचमी पर बरसाना और नन्दगांव में होली का डांढ़ा गाड़े जाने के साथ ही शुक्रवार से ब्रज में होली का 40 दिन का उत्सव शुरू हो जाएगा। जहां सभी जगह होली का पर्व बस एक या दो दिन मनाया जाता है, वहीं ब्रज में बसंत पंचमी के दिन से शुरू होने वाला होली का त्योहार फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात पड़वा पर होली खेले जाने के दस दिन बाद तक भी चलता रहता है। वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने कहा कि देवताओं को गुलाल लगाया जाएगा जिसे प्रसाद के तौर पर श्रद्धालुओं पर उड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी पर राधा रानी ने भगवान श्रीकृष्ण के गाल पर गुलाल लगाया था। मंदिरों को पीले रंग से सजाया जाएगा। ठाकुर बांके बिहारी पीले फूलों की माला धारण करेंगे और उन्हें विशेष भोग लगाया जाएगा। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने कहा कि जहां ठाकुर जी को बृहस्पतिवार को गुलाल चढ़ाया जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान के मुख्यमंत्री ने किसानों एवं श्रमिकों के खातों में 1,590 करोड़ रुपये डाले




**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को एक करोड़ से ज्यादा किसानों, महिलाओं और मजदूरों के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए 1,590 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि वितरित की। उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं का फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरे राज्य में ग्राम उत्थान शिविरों का उद्घाटन भी किया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिरोही में किसान सम्मान निधि के अंतरण एवं ग्राम उत्थान शिविर के आरंभ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसान भारत की आत्मा है और जब किसान सशक्त होता है तो गांव, प्रदेश एवं देश प्रगति करता है। उन्होंने कहा, 'हम संकल्प पत्र में किए गए वादों को लगातार पूरा कर रहे हैं तथा हमारी सरकार किसानों के कल्याण एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।' उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से प्रत्येक गिरदावर सर्कल पर ग्राम उत्थान शिविरों को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों से इन शिविरों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने राज्य के एक करोड़ से अधिक किसानों, महिलाओं एवं श्रमिक लाभार्थियों को 1,590 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में भेजी। बयान के मुताबिक उन्होंने 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' की पांचवीं किस्त के रूप में 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि तथा पांच लाख किसानों को फसल खराबे पर 327 करोड़ रुपये से अधिक रकम बतौर मुआवजा भेजी।

### पटना में मुठभेड़ के बाद 20 से अधिक मामलों में वांछित बदमाश गिरफ्तार



**पटना:** पटना के मसौढ़ी इलाके में बृहस्पतिवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद 20 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झारखंड के लातेहार निवासी परमानंद यादव के रूप में हुई है, जो राहुल सिंह गिरोह से जुड़ा रहा है। इस गिरोह के कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से भी संबंध बताए जा रहे हैं। पटना पूर्व के पुलिस अधीक्षक (एसपी) परिचय कुमार ने बताया कि यादव मोटरसाइकिल पर सवार था और जब उसे एक चेक पोस्ट पर रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगा, जिससे संदेह हुआ। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया और उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। कुमार ने बताया कि दूसरी बार पुलिस को देखते ही यादव ने मोटरसाइकिल चलाते हुए पुलिस पर गोली चला दी और अंततः गिर पड़ा। उन्होंने कहा, पुलिस टीम ने भी नियंत्रित तरीके से गोलीबारी की। आखिरकार जब वह गिर पड़ा तो पुलिस ने उसे काबू में कर लिया। एसपी ने बताया कि यादव के पैरों में गोली लगी है और उसे सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कुमार ने कहा कि यादव डकैती, हत्या, लूट और रंगदारी समेत 20 से अधिक मामलों में वांछित था।

### बीपीएससी ने साक्षात्कार बोर्ड आवंटन के लिए लॉटरी प्रणाली शुरू की

**पटना:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने उम्मीदवारों को साक्षात्कार बोर्ड आवंटित करने के लिए नई लॉटरी-आधारित प्रणाली लागू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नई व्यवस्था, एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के साक्षात्कार के पहले चरण से लागू की गई है, जो पिछली सॉफ्टवेयर-आधारित यादृच्छिक आवंटन की प्रणाली की जगह लेगी। आयोग के एक बयान में कहा गया,अब उम्मीदवार लॉटरी प्रणाली के माध्यम से अपना साक्षात्कार बोर्ड चुन सकेंगे, जबकि पहले सॉफ्टवेयर के जरिए यादृच्छिक आवंटन किया जाता था। पिछली व्यवस्था में उम्मीदवारों की कोई भूमिका नहीं होती थी। यह प्रणाली बुधवार से प्रभावी हुई, जो साक्षात्कार कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही लागू की गई। प्रक्रिया के तहत, उम्मीदवार

---

समीक्षा CINE मंत्र

# ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'होमबाउंड', सामने आई नॉमिनेशन लिस्ट; 'सिनर्स' ने रचा इतिहास

फिल्म जगत के सबसे प्रमुख अवॉर्ड्स में शामिल ऑस्कर 2026 के नॉमिनेशन आज सामने आ गए हैं। भारत समेत दुनियाभर की नजरें इन नॉमिनेशन पर लगी थीं। हर साल ऑस्कर्स को अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (-चझ-ड) आयोजित करता है। भारत की तरफ से इस बार ऑस्कर्स में 'होमबाउंड' का नाम शामिल था, लेकिन भारत को यहां निराशा मिली है, क्योंकि 'होमबाउंड' को ऑस्कर में नॉमिनेशन नहीं मिला है। जबकि 'सिनर्स' ने 16 नॉमिनेशन के साथ ऑस्कर में इतिहास रच दिया है। इसके अलावा फ्रेंकस्टीन और वन बैटल आफ्टर अनदर का भी बोलबाला देखने को मिला। ऑस्कर्स अवॉर्ड्स का आयोजन 15 मार्च 2026 को होना है।

सिनर्स ने रचा इतिहास

98वें ऑस्कर में 'सिनर्स' ने इतिहास रच दिया है। 'सिनर्स' ने इस बार के ऑस्कर में 16 नॉमिनेशन हासिल किए हैं। जो अब तक ऑस्कर के इतिहास में किसी भी फिल्म को मिले सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हैं। 'सिनर्स' के अलावा लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को भी 13 नॉमिनेशन मिले हैं।

बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की रेस में थी 'होमबाउंड'



98वें ऑस्कर अवॉर्ड में भारत की सारी उम्मीदें 'होमबाउंड' पर टिकी थीं। 'होमबाउंड' बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की रेस में शामिल थी। लेकिन नॉमिनेशन में 'होमबाउंड' को जगह नहीं मिली। इसके अलावा 'कांतारा चैप्टर 1', 'तन्वी द ग्रेट', 'महावतार नरसिम्हा' और 'टूरिस्ट फैमिली' जैसी फिल्मों का नाम बेस्ट पिक्चर की रिमाइंडर लिस्ट में शामिल किया गया था। लेकिन इन फिल्मों को भी ऑस्कर में कोई नॉमिनेशन नहीं मिला। इस तरह से एक बार फिर ऑस्कर जीतने की भारत की उम्मीदों को झटका लगा है।

इन फिल्मों ने 'होमबाउंड' को पछाड़कर बनाई जगह

'होमबाउंड' के अलावा बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की रेस में जिन फिल्मों को नॉमिनेशन मिला उनमें 'द सीक्रेट एजेंट' ( ब्राजील), 'इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट' (फ्रांस), 'सेंटिमेंटल वैल्यू' (नॉर्वे), 'सिरात' (स्पेन), 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब' (ट्यूनीशिया) जैसी फिल्में शामिल हैं।

## 'धुरंधर' के बाद अब 'बॉर्डर 2' भी खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' रिलीज को तैयार है। फिल्म कल यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है।

### खाड़ी देशों में अभी तक नहीं मिली अनुमति

सेंसर बोर्ड द्वारा यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल करने वाली 'बॉर्डर 2' के साथ ही 'धुरंधर' जैसा ही हाल होने की संभावना है। क्योंकि 'धुरंधर' भी खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकी। अब ऐसा ही 'बॉर्डर 2' के साथ भी होता दिख रहा है। 'बॉर्डर 2' को खाड़ी देशों में उसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जैसा कि पाकिस्तान विरोधी भावना वाली अधिकांश भारतीय फिल्मों के साथ होता है। ट्रेलर में देओल का 'आवाज कहां तक जानी चाहिए? लाहौर तक!' चिल्लाना इस बात का पर्याप्त सबूत है कि फिल्म अपने बयानबाजी में पाकिस्तान को बख्शने का कोई मौका नहीं छोड़ेगी। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है।ड़



### बिना किसी कट के सेंसर से पास हुई फिल्म

'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। यह फिल्म जेपी दत्ता और उनकी बेटी निधि दत्ता व भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा निर्मित है। 'बॉर्डर 2' को भारत में सीबीएफसी द्वारा डायलॉग या सीन में बिना किसी कट के यूए (13+) सर्टिफिकेट दिया गया है। हालांकि, सीबीएफसी ने अपने दिशानिर्देशों के अनुसार कुछ संशोधन सुझाए हैं। जैसे युद्धक विमानों से भारतीय तिरंगा हटाने को कहा गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, युद्धपोत का नाम बदलकर कवच कर दिया गया है। चूंकि बॉर्डर 2 वास्तविक जीवन पर आधारित है, इसलिए निर्माताओं ने सीबीएफसी जांच समिति को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सहायक दस्तावेज प्रस्तुत किए। उनसे यह जांच करने को कहा गया कि भारतीय सेना की वर्दी के कंधे पर दिखाए गए प्रतीक चिन्ह सही है या नहीं। निर्माताओं ने इसकी पुष्टि की और सीबीएफसी को आश्वासन दिया कि उन्होंने न केवल भारतीय सेना से, बल्कि फिल्म में वरुण धवन द्वारा निभाए गए मेजर होशियार सिंह दहिया के परिवार से भी इसकी पुष्टि की है।

### अनुराग सिंह ने किया है निर्देशन

अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 3 घंटे 19 मिनट और 7 सेकंड लंबी फिल्म है। चूंकि फिल्म में कोई कट नहीं लगा है, इसलिए इसकी अवधि 3 घंटे से ऊपर है। फिल्म मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी।

# 'कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे माता-पिता', रानी मुखर्जी

अभिनेत्री रानी मुखर्जी इस साल इंडस्ट्री में अपने 30 साल पूरे कर रही हैं। साथ ही अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'मर्दानी 3' के प्रमोशन में भी व्यस्त हैं। इस बीच रानी ने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता काफी कम उम्र में ही उनकी शादी करना चाहते थे।

### घरवालों को नहीं थी रानी से काम की उम्मीद

इंडस्ट्री में 30 साल पूरे होने के मौके पर रानी मुखर्जी ने यशराज स्टूडियो में अपने पुराने दोस्त और फिल्ममेकर करण जौहर के साथ बात की। इस दौरान करण ने रानी से जब उनके बचपन के बारे में पूछा, तो एक्ट्रेस ने बताया कि भले ही वह एक फिल्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता राम मुखर्जी एक फिल्म निर्माता थे, लेकिन घर का खर्च बस किसी तरह चलता था। रानी ने आगे कहा कि उनके माता-पिता ने कभी नहीं सोचा था कि वह फिल्मों में काम करेंगी। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने मेरे लिए कभी कोई सपना भी देखा था। जब हम बड़े हो रहे थे, तब मेरे पिताजी ने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं काम करूंगी। इसे लड़कों की जिम्मेदारी माना जाता था। यह जिम्मेदारी वे मेरे भाई के ज़रिए निभाते थे। लेकिन मेरे मामले में यह बात बिल्कुल साफ थी। वे मुझे बहुत कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे।



### मां ने क्यों पहली फिल्म को हां कहने को कहा

रानी ने याद किया कि माता-पिता की तमाम योजनाओं के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपने पिता के मित्र सलीम अख्तर द्वारा निर्मित फिल्म 'राजा की आएगी बारात' से डेब्यू किया। रानी ने कहा कि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 'राजा की आएगी बारात' का प्रस्ताव मिलने पर मेरी मां ने मुझसे कहा, 'सलीम चाचा हमारे पारिवारिक मित्र हैं और उन्होंने तुम्हें एक फिल्म का प्रस्ताव दिया है। तुम इसे क्यों नहीं स्वीकार लेती?' तब मुझे यह एहसास नहीं हुआ था कि शायद मेरी मां मेरे घर की आर्थिक स्थिति सुधारने का रास्ता ढूंढ रही थीं। क्योंकि वे जानती थीं कि अगर मैं इस क्षेत्र में अच्छा करूंगी तो हमारे लिए अच्छा होगा। लेकिन उस समय मैंने इस नजरिए से नहीं सोचा था। अब इसका एहसास होता है।

### फिल्मी परिवार से आती हैं रानी मुखर्जी

राम मुखर्जी एक प्रतिष्ठित फिल्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता राम मुखर्जी पटकथा लेखक, निर्देशक और निर्माता थे। उनके चचेरे भाई देब मुखर्जी और जॉय मुखर्जी लोकप्रिय अभिनेता थे। उनके चाचा शशाधर मुखर्जी मुंबई में सिनेमा के अग्रदूतों में से एक थे। राम मुखर्जी दिलीप कुमार की फिल्म 'लीडर' के निर्देशन के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते थे।

### 1996 में रिलीज हुई थी 'राजा की आएगी बारात'

रानी मुखर्जी ने साल 1996 में आई फिल्म 'राजा की आएगी बारात' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि 'राजा की आएगी बारात' बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई, लेकिन इससे रानी को पहचान मिली, जिसके बाद 'गुलाम' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्में आईं। इनसे बॉलीवुड में उनके करियर की शुरुआत हुई। रानी इस साल 'मर्दानी 3' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर रही हैं।

# विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भारतीय परंपराओं में निहित : गृह मंत्री अमित शाह



**हरिद्वार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भारतीय परंपराओं में निहित है और आध्यात्मिक रूप से भारत का पुनर्निर्माण केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी होगा। शाह ने यहां अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''जो लोग सनातन धर्म को जानते हैं, भारतीय संस्कृति को समझते हैं और भारत के इतिहास से परिचित हैं, उन्हें दृढ़ विश्वास है कि दुनिया भर की समस्याओं का समाधान यदि किसी एक जगह है, तो वह भारतीय परंपरा में ही है।'' उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक रूप से भारत का पुनर्निर्माण केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि समग्र विश्व के लिए कल्याणकारी होगा। इस संबंध में स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरबिंदो और गायत्री परिवार शांतिकुंज के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इन सभी महान मनीषियों ने अपनी ओजस्वी वाणी में यह विश्वास व्यक्त किया है कि जब भारत अपने पूर्ण तेज के साथ जागृत होगा, तो वह पूरे विश्व को और समस्त ब्रह्मांड को तेजोमय बना देगा। उन्होंने कहा, '' ऐसे महान मनुष्यों और मनीषियों की वाणी कभी विफल नहीं होती। उनके मुख से निकले सत्य वचनों को हम सभी को ब्रह्मा का वचन मानकर ही आगे बढ़ना होगा।'' शाह ने 1925-26 को राष्ट्रीय पुनर्जागरण का वर्ष बताते हुए कहा कि 2025-26 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और गीता प्रेस गोरखपुर की स्थापना के 100 साल मनाए जा रहे हैं जबकि गायत्री परिवार की माता का भी यह

## केंद्रीय मंत्री शाह ने 'पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल' का लोकार्पण किया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को यहां पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व की प्रथम एकीकृत चिकित्सा प्रणाली तथा योग,आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के समन्वय के वैश्विक केंद्र 'पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल' का लोकार्पण किया। इस दौरान, शाह ने अस्पताल का निरीक्षण किया और उसे विश्व का प्रथम 'हाइब्रिड' अस्पताल बताया । उन्होंने योग गुरु स्वामी रामदेव तथा पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण से बातचीत कर उनकी आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी ली । पतंजलि के अनुसार, इस अस्पताल में हृदय, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हो सकेगी और यह योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आधुनिक चिकित्सा पद्धति के समन्वय से नागरिकों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि बीमारियों का मुख्य कारण तनाव, सूजन और शरीर का अशुद्धिकरण है।

# इसरो ने असफलताओं को सीखने और फिर से वापसी करने के अवसर के रूप में लिया: नारायणन



**गांधीनगर :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह प्रमुख संगठन अधिकतर समय सफल रहता है, लेकिन इसे जिन कुछ असफलताओं का सामना करना पड़ा, इन्हें सीखने और फिर से वापसी करने के अवसरों के रूप में देखा गया है। अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के 45वें दीक्षांत समारोह में पूर्व-रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफल होने के लिए हमेशा आत्मविश्वास और ''कर सकते हैं'' वाला दृष्टिकोण होना आवश्यक है। नारायणन ने एनआईडी के युवा स्नातकों से कहा, ''आपको अपनी 'टीम वर्क' की भावना और जोखिम लेने की क्षमताओं को भी विकसित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, इसरो एक अनुसंधान एवं विकास संगठन होने के नाते, अधिकतर समय सफल रहता है, लेकिन कभी-कभी हमें असफलताओं का सामना करना पड़ता है, जिसे हम सीखने और फिर से उठने के अवसर के रूप में लेते हैं।'' संसाधनों की अपेक्षा नवाचार के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कल्पनाशील डिजाइनर हमेशा उस संगठन पर भारी पड़ेगा जिसके पास अधिक पैसा तो है लेकिन रचनात्मकता कम है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए अपने विवेक का इस्तेमाल करें और उनसे आग्रह किया कि वे 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में योगदान देने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा, ''जब हमें आजादी मिली, तब 94.4 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे। अब हमने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है और आर्थिक रूप से हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। आजादी के समय लगभग 12 प्रतिशत लोग साक्षर थे और अब भारत में एनआईडी समेत कई राष्ट्रीय संस्थान हैं, जहां साक्षरता दर लगभग 80 प्रतिशत है।'' नारायणन ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मोदी 14 फरवरी को और शाह 30 जनवरी को असम का दौरा करेंगे: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह क्रमशः 14 फरवरी और 30 जनवरी को राज्य का दौरा करने वाले हैं। दावोस से 'फेसबुक लाइव' के दौरान शर्मा ने कहा कि मोदी के कार्यक्रमों में गुवाहाटी के दो हिस्सों को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र नदी पर एक पुल और यहां भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएमजी) का उद्घाटन शामिल है। शर्मा ने बताया कि शाह का 30 जनवरी को डिब्रूगढ़ जाने का कार्यक्रम है, जहां वह राज्य के दूसरे विधानसभा परिसर की आधारशिला रखेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का राज्य का यह दौरा तीन महीनों में तीसरा दौरा होगा। असम में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

### गुवाहाटी : पांच स्पा पर छापेमारी कर देह व्यापार के चंगुल से 13 महिलाओं को बचाया गया, 10 गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम पुलिस ने गुवाहाटी के पांच स्पा पर छापेमारी कर देह व्यापार के चंगुल से 13 कथित पीड़ितों को बचाया है। मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त शाम्भवी मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर गुवाहाटी शहर पुलिस ने चांदमारी, पलटनबाजार, पानबाजार और गीता नगर पुलिस थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित पांच स्पा में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इन स्पा में अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिसके आधार पर पांच संदिग्ध केंद्रों की पहचान की गई। अधिकारी ने बताया कि एक समन्वित अभियान चलाया गया और इन स्पा पर छापेमारी की गई, जिसमें कथित तौर पर देह व्यापार में धकेली गई 13 महिलाओं को बचाया गया। मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में एक महिला समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य महिला फरार है।

### जम्मू के मेडिकल कॉलेज के 50 छात्रों को राहत मिली; काउंसलिंग 24 जनवरी को होगी

**जम्मू :** श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस के निरस्तीकरण से प्रभावित 50 छात्रों के लिए यह राहत की खबर आई है कि जम्मू कश्मीर व्यावसायिक प्रवेश परीक्षा बोर्ड (बीओपीईई) ने केंद्र शासित प्रदेश के सात सरकारी कॉलेजों में उनके समायोजन के लिए काउंसलिंग की नई तारीख 24 जनवरी तय की है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ने मेडिकल कॉलेज के चयनित एमबीबीएस उम्मीदवारों के लिए कॉलेज आवंटन का मुद्दा हल कर लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बीओपीईई द्वारा काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किए जाने के बाद अब चयनित उम्मीदवार अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं।

# किसानों ने मजदूरों को रास्ता दिखाया, मनरेगा के लिए एकजुट होना है : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) की जगह लाए गए 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी तथा केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और लोगों का आह्वान किया कि वे सरकार के इस कदम के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हों। उन्होंने कांग्रेस के प्रकोष्ठ 'रचनात्मक कांग्रेस' द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' में यह आरोप भी लगाया कि भाजपा ने तीनों 'काले' कृषि कानून लाकर किसानों के साथ जो किया था, वही अब वह मनरेगा को खत्म कर मजदूरों के साथ करना चाहती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि भाजपा एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जिसमें एक राजा सारे फैसले करे तथा देश के गरीब, अदाणी और अंबानी पर पूरी तरह निर्भर हो जाएं।

# छत्तीसगढ़ में इस्पात संयंत्र में विस्फोट में छह मजदूरों की मौत, पांच घायल



**बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक इस्पात संयंत्र में हुए विस्फोट में कम से कम छह मज़दूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी दीपक सोनी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह घटना बकुलाही गांव में स्थित 'रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड' में सुबह नौ बजकर 40 मिनट पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद फैक्टरी से दूर-दूर तक धुएं का गुबार उठता देखा गया। मजदूरों के शव जली हुई हालत में थे। ज्यादातर मजदूर बिहार व झारखंड के निवासी थे। जिलाधिकारी सोनी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भट्ठी से जुड़े 'डस्ट सेटलिंग चैंबर' (डीएससी) में 'विस्फोट के बाद से रिसाव होने लगा। 'डीएससी' वह जगह होती है जिसमें उच्च तापमान वाली राख पहुंचाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस रिसाव के कारण गरम राख कर्मचारियों पर गिर गई जिससे छह कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य झुलस गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों को उन्नत उपचार के लिए बिलासपुर स्थित 'छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (सिम्स) में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन की एक टीम घटनास्थल पर मौजूद है और एहतियात के तौर पर क्षेत्र को सील कर दिया गया।

## कर्नाटक के राज्यपाल ने तीन वाक्य में समाप्त किया संबोधन,मुख्यमंत्री ने की आलोचना

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने बृहस्पतिवार को यहां राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र में अपना परंपरागत अभिभाषण केवल तीन वाक्यों (सरकार द्वारा तैयार किए गए विस्तृत भाषण के पहले और आखिरी वाक्यों समेत) में समाप्त कर दिया जिसे लेकर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्यपाल पर अपना खुद का विचार व्यक्त करने का आरोप लगाया और उन्हें केंद्र सरकार की ''कठपुतली'' करार दिया। गैर-भाजपा शासित तीन दक्षिणी राज्यों (केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक) में दो दिनों में राज्यपाल और सरकार के बीच तीसरी बार टकराव हुआ है। विधानसभा और विधानपरिषद में अपने संक्षिप्त संबोधन के बाद गहलोत सत्ताधारी कांग्रेस सदस्यों के विरोध के बीच सदन से बाहर चले गए, जिन्होंने उन्हें घेरने का भी प्रयास किया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर, विधान परिषद अध्यक्ष बसवराज होरट्टी, विपक्ष के नेताओं, मंत्रियों और सदस्यों का अभिवादन करते हुए अपना अभिभाषण शुरू किया।

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 38.60 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त, एक यात्री गिरफ्तार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने ब्राजील के साओ पाउलो से आए एक यात्री को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 38.60 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि यात्री को हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर रोका गया था। आरोपी की पहचान उजागर नहीं की गई है। बेंगलुरु सीमा शुल्क ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 21 जनवरी को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर बेंगलुरु सीमा शुल्क के अधिकारियों ने साओ पाउलो से आए एक यात्री को पकड़ा और उसके कब्जे से 7.72 किलोग्राम कोकीन जब्त की, जिसकी कीमत 38.60 करोड़ रुपये आंकी गई है। सीमा शुल्क ने बताया कि यात्री को स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## भारत ने क्रोएशिया में अपने दूतावास में अनधिकृत प्रवेश, तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की

**नयी दिल्ली :** भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब में अपने दूतावास में अनधिकृत प्रवेश और तोड़फोड़ की घटना की बृहस्पतिवार को कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने नयी दिल्ली और जाग्रेब में क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष यह मामला मजबूती से उठाया है और उनसे दोषियों को उनके निंदनीय कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा, हम भारत विरोधी तत्वों की ओर से क्रोएशिया के जाग्रेब में हमारे दूतावास में अनधिकृत प्रवेश और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। इसने कहा कि विएना संधि के तहत राजनयिक परिसर में बिना अनुमति प्रवेश नहीं किया जा सकता और उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। मंत्रालय ने कहा, इसके मद्देनजर, हमने नयी दिल्ली और जाग्रेब में क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष इस मामले को मजबूती से उठाया है और उनसे दोषियों को उनके निंदनीय एवं अवैध कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने का अनुरोध किया है।

# निर्वाचन आयोग का नया ऐप जारी, ज्ञानेश कुमार ने भ्रामक सूचनाओं से मुकाबले का हथियार बताया



**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को मतदाताओं, अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक नया डिजिटल ऐप जारी किया और कहा कि यह भ्रामक सूचना का मुकाबला करने का एक हथियार है। उन्होंने यहां एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों को उनकी भाषाओं में और उनके कानूनों के अनुसार इसी तरह का उपकरण विकसित करने में सहायता की पेशकश की। कुमार ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों ने भ्रामक सूचना के विषय पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने 'ईसीआईनेट' को गलत सूचनाओं के प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए एक औजार करार दिया क्योंकि इस पर चुनाव संबंधी सभी तथ्य उपलब्ध हैं। 'ईसीआईनेट' अपने 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत करेगा तथा सभी चुनाव-संबंधी गतिविधियों के लिए एक एकल मंच प्रदान करेगा। यह नया प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं पर कई ऐप डाउनलोड करने, 'नेविगेट करने' और विभिन्न लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करेगा। इसके अतिरिक्त, ईसीआईनेट उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर प्रासंगिक चुनावी डेटा तक पहुंचने में भी सक्षम बनाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है, ईसीआईनेट पर डेटा केवल निर्वाचन आयोग के अधिकृत अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित अधिकारी द्वारा की गयी प्रविष्टि यह सुनिश्चित करेगी कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। हालांकि, किसी भी टकराव की स्थिति में वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा हुआ प्राथमिक डेटा मान्य होगा।

# रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में राम कथा में हिस्सा लिया

**एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की**



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व शांति के लिए भारत मंडपम में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा में बृहस्पतिवार को हिस्सा लिया, जहां कथा वाचक मोरारी बापू प्रवचन दे रहे हैं। रेखा ने भारत मंडपम में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोरारी बापू की राम कथा सेवा, करुणा और राष्ट्र के प्रति दायित्व पर प्रकाश डालती है। उन्होंने कहा कि आचार्य लोकेश मुनि के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना और अहिंसा की दीर्घकालिक परंपरा को सुदृढ़ करता है। एक बयान में कहा गया है कि इस आयोजन से जुड़े संस्थानों की सेवा और जन कल्याणकारी पहलों से प्रेरित होकर, मुख्यमंत्री ने विश्व शांति केंद्र मिशन को अपना एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की। उन्होंने अपने इस कदम को सामाजिक दायित्वों और मानवीय मूल्यों के लिए एक विनम्र योगदान बताया।

# चावल से भरी पहली मालगाड़ी जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग पहुंची



**जम्मू :** उत्तरी रेलवे के जम्मू संभाग ने चावल से लदी 42 बीसीएन मालगाड़ी की एक रैक को पंजाब के संगरूर से अनंतनाग तक 24 घंटे में पहुंचाकर घाटी में माल ढुलाई को बढ़ावा दिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जम्मू के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से खाद्यान्न डिब्बों का सफल तरीके से पहुंचना जम्मू-कश्मीर के लिए एक ''ऐतिहासिक क्षण'' है। उन्होंने कहा, ''42-बीसीएन की पहली रेक क्षेत्रीय रसद क्षमता को मजबूत करती है और व्यापारियों और आम जनता के लिए आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए तैयार है।'' उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रेलवे द्वारा एफसीआई की खाद्यान्न रेलगाड़ियों का संचालन अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सिंघल ने कहा, ''इस तरह की सफल पहल से घाटी में अनाज की आपूर्ति श्रृंखला और वितरण तंत्र को बढ़ावा मिलेगा।''

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सैन्य शक्ति बेहद अहम है : वायु सेना प्रमुख



**नयी दिल्ली :** वायु शक्ति की सर्वोच्चता पर जोर देते हुए वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सैन्य शक्ति ''बेहद निर्णायक'' बनी हुई है। वायु सेना प्रमुख ने 22वें सुब्रतो मुखर्जी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में ''वायु शक्ति'' के बढ़ते महत्व पर जोर देने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' का उदाहरण दिया और विभिन्न संघर्ष क्षेत्रों में इसकी प्रभावशीलता का भी उल्लेख किया। सुरक्षा संबंधी उभरती चुनौतियों का जिक्र करते हुए, सिंह ने यह भी तर्क दिया कि परिस्थितियों के अनुसार सैन्य शक्ति का उपयोग किया जाना चाहिए क्योंकि ''असीमित संयम को कमजोरी के रूप में गलत समझा जा सकता है।'' वायु सेना प्रमुख ने वायु शक्ति के बढ़ते रणनीतिक महत्व पर विस्तार से बात की और कहा कि उनकी सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इसे प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा, ''यह वायु शक्ति है और अगर हम एक शक्तिशाली ताकत बनना चाहते हैं तो सैन्य शक्ति के इस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।''

# उड़ान अव्यवस्था : उच्च न्यायालय ने इंडिगो को हलफनामा दाखिल करने को कहा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इंडिगो को पिछले साल दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के कारण प्रभावित यात्रियों को रद्द टिकटों के लिए धन वापसी और मुआवजे के भुगतान के संबंध में बृहस्पतिवार को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा। कम लागत वाली एयरलाइन के वकील ने मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ को बताया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए धन वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार उड़ानें रद्द होने पर मुआवजे की भी पेशकश की जा रही है। वकील ने यह भी कहा कि सबसे बुरी तरह प्रभावित उड़ानों के लिए 10,000 रुपये के वाउचर की पेशकश की जा रही है और यात्रियों के लिए मुआवजे का दावा करने के लिए एक वेबसाइट स्थापित की गई है। पीठ ने कहा, प्रतिवादी संख्या तीन द्वारा इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर एक हलफनामा दाखिल किया जाए। अदालत वकीलों अखिल राणा और उत्कर्ष शर्मा द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को केंद्र सरकार से सहायता और धन वापस दिलाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, तीन से पांच दिसंबर 2025 के बीच 2,507 उड़ानें रद्द की गईं और 1,852 उड़ानों में देरी हुईं, जिससे देश भर के हवाई अड्डों पर तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। याचिकाकर्ता ने कहा कि इंडिगो प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपये का यात्रा वाउचर दे रही है, जिसकी वैधता कुछ समय बाद समाप्त हो जाएगी। यह जानकारी मिलने पर कि वाउचर की वैधता 12 महीने है, पीठ ने इंडिगो के वकील से यह स्पष्ट करने को कहा कि यदि कोई व्यक्ति निर्धारित समय सीमा के भीतर वाउचर का उपयोग नहीं कर पाता है तो उसका क्या होगा।

# गणतंत्र दिवस परेड : पहली बार वायुसेना के बैंड में महिला अग्निवीर शामिल होंगी



**नयी दिल्ली :** देश के इतिहास में पहली बार 77वें गणतंत्र दिवस परेड़ में भारतीय वायुसेना के बैंड में नौ महिला अग्निवीर शामिल होंगी जो कर्तव्य पथ पर अपने वाद्ययंत्रों से मधुर संगीत बजाते हुए मार्च करेंगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता धनखड़ 26 जनवरी को औपचारिक परेड से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रीय ध्वज फहराने के दौरान सहयोग करेंगी। एक अधिकारी ने बताया कि सार्जेंट चार्ल्स एंटनी डेनियल के नेतृत्व में वायुसेना के बैंड के पीछे 144 वायुसैनिकों का मार्चिंग दस्ता चलेगा, जिसका नेतृत्व स्क्वॉड्रन लीडर जगदीश कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि स्क्वॉड्रन लीडर निकिता चौधरी, फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रखर चंद्राकर और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दिनेश मुरली भारतीय वायुसेना दल में अतिरिक्त अधिकारी के रूप में काम करेंगे। अधिकारी ने बताया कि परेड में दो चरणों में होने वाली फ्लाई पास्ट में कुल 29 विमान – 16 लड़ाकू विमान, चार परिवहन विमान और नौ हेलीकॉप्टर – शामिल होंगे और दर्शकों को इस दौरान विमानों की कुल आठ संयोजना आसमान में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि फ्लाई पास्ट का पहला चरण परेड के साथ-साथ चार संयोजना के साथ होगा और शेष चार संयोजनाएं परेड समाप्त होने के बाद होंगी, जिसमें पिछले साल मई में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर की सफलता' के उपलक्ष्य में एक विशेष अग्रिम पंक्ति की संयोजना भी शामिल होगी। वायुसेना मुख्यालय के समारोह निदेशालय के एयर कमोडोर इमरान एच जैदी ने बताया कि 75 सदस्यीय भारतीय वायु सेना बैंड में 66 अग्निवीर होंगे और बाकी वायुसैनिक होंगे। उन्होंने कहा कि इन 66अग्निवीर दस्ते में नौ महिला अग्निवीर शामिल होंगी और यह पहली बार होगा जब वे परेड में भारतीय वायु सेना के बैंड का हिस्सा बनेंगी। स्क्वॉड्रन लीडर कुमार(33) ने बताया, ''गणतंत्र दिवस परेड में यह मेरी पहली बार भागीदारी है। कर्तव्य पथ पर अपनी सेवा का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है।''

# हिंसा प्रभावित असम के कोकराझार में हालात सामान्य हो रहे, सेना की गश्त जारी



**गुवाहाटी :** असम के हिंसा प्रभावित कोकराझार जिले में हालात बृहस्पतिवार को धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं लेकिन संवेदनशील इलाकों में सेना सहित सुरक्षा बलों की गश्त जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोमवार को एक सड़क हादसे के बाद जिले में बोडो और आदिवासी समुदायों के बीच हुई झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम के बाद से जिले में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है। सेना की चार टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ और असम पुलिस भी प्रभावित इलाकों में गश्त कर रही हैं। अधिकारी ने कहा कि पांच स्कूलों में बनाए गए राहत शिविरों में 1,000 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई है और जिला प्रशासन उन्हें सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापस भेजने के प्रयास कर रहा है। बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। पड़ोसी जिले चिरांग में भी इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात करीगांव चौकी के अंतर्गत मानसिंह रोड पर तीन बोडो लोगों को ले जा रही एक गाड़ी से दो आदिवासी व्यक्तियों को टक्कर लग गई। इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों ने तीनों बोडो लोगों के साथ मारपीट की और वाहन को आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि तीन अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत एक और वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी की दौड़ में, इस बार 2028 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**नयी दिल्ली:** भारत 2028 में होने वाले दो बड़े अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए प्रयास कर रहा है जिसके लिए राष्ट्रीय महासंघ ने भुवनेश्वर में विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अहमदाबाद में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2024 के अंत में विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सेबेस्टियन को के भारत दौरे के दौरान ही अहमदाबाद में 2028 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगा दी थी। ताजा घटनाक्रम में एएफआई ने भुवनेश्वर में 2028 विश्व इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है। विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम परिसर में अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और पूर्व एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरीवाला के साथ ओडिशा सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे।

### सुदीप के नाबाद शतक से बंगाल मजबूत, चार विकेट पर 340 रन

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल):** अनुभवी बल्लेबाज सुदीप चटर्जी ने चोट से वापसी करते हुए नाबाद शतक जमाया, जिससे बंगाल ने ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन सेना के खिलाफ चार विकेट पर 340 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 226 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 100 से अधिक रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 152 गेंदों में शानदार 81 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत दिलाई। अभिमन्यु के रन आउट होने से साझेदारी टूटी। अपना 100वां प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे अनुस्तुप मजूमदार 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाहबाज अहमद ने 38 रन जोड़े।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत, सैमसन और किशन पर रहेगी नजर

**रायपुर:** पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे मुकाबले में अपनी विजय लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर खास निगाह रहेगी। वनडे श्रृंखला में हार के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 में 48 रन से शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से प्रभाव नहीं छोड़ सके थे। विश्व कप से पहले सैमसन के पास खुद को साबित करने का अहम मौका है। तीन टी20 शतक जड़ चुके इस बल्लेबाज से टीम को बड़ी पारी की उम्मीद होगी।



किशन, जिन्हें श्रेयस अय्यर पर तरजीह दी गई थी, आक्रामक अंदाज में खेलकर टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव भले ही बड़ा स्कोर न बना पाए हों, लेकिन उनकी तेजतर्रार 32 रन की पारी से आत्मविश्वास बढ़ा है। अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और पावरप्ले में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी भारत की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। निचले क्रम में रिंकू सिंह की वापसी और असरदार प्रदर्शन टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। गेंदबाजी में कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद विभाग संतुलित नजर आ रहा है। अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या से शुरुआती विकेटों की उम्मीद होगी, जबकि जसप्रीत बुमराह मध्य ओवरों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यहां ओस का असर पड़ने की संभावना है, जिससे किसी भी लक्ष्य का बचाव आसान नहीं होगा। न्यूजीलैंड पहले मैच की हार से सबक लेकर वापसी करने को बेताब होगा। कप्तान मिचेल सैंटनर की अगुआई में टीम बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेगी। मुकाबला शाम सात बजे शुरू होगा।

## गिल खाता खोले बिना आउट, स्पिनरों के सामने पंजाब-सौराष्ट्र के बल्लेबाज बेहाल



**राजकोट:** शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी निराशाजनक रही। सौराष्ट्र के खिलाफ एलीट ग्रुप बी मुकाबले में वह दो गेंदों में खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। स्पिनरों की मददगार पिच पर पंजाब और सौराष्ट्र दोनों टीमों के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। गिल को बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट ने पगबाधा आउट किया। भुट ने 33 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि रविंद्र जडेजा और धर्मेंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, जिससे पंजाब की पहली पारी 139 रन पर सिमट गई। इससे पहले पंजाब ने सौराष्ट्र को 172 रन पर आउट किया था और अब वह 33 रन पीछे है। पंजाब की ओर से हरप्रीत बराड़ ने छह विकेट लेकर सौराष्ट्र के बल्लेबाजों को झकझोरा। गिल की यह पारी खास तौर पर निराशाजनक रही क्योंकि पिछली 10 पारियों में उनके सिर्फ दो अर्धशतक हैं। सौराष्ट्र की ओर से जय गोहिल ने 82 रन की जुझारू पारी खेली। दूसरी पारी में सौराष्ट्र ने स्टंप्स तक 24 रन पर तीन विकेट गंवा दिए और टीम 57 रन की बढ़त पर है। पिच के मिजाज को देखते हुए मुकाबला जल्दी खत्म होने की संभावना है।

### सिंधू, लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**जकार्ता:** भारतीय बैडमिंटन के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर सीरीज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीतकर आत्मविश्वास बढ़ाया। लक्ष्य सेन ने हांगकांग के जेसन गुनावन को केवल 30 मिनट से कुछ अधिक समय में 21-10, 21-11 से पराजित किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य का अगला मुकाबला थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनीचाफोन टीरारत्सकुल से होगा, जिन्होंने मलेशिया के ली जी जिया को हराकर सबको चौंकाया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने प्री-क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड को 43 मिनट तक चले मैच में 21-19, 21-18 से शिकस्त दी। यह कजेरफेल्ड के खिलाफ उनकी छठी भिड़ंत में पांचवीं जीत रही। अब सिंधू का सामना टूर्नामेंट की शीर्ष वरीय और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। दोनों के बीच अब तक 13 मुकाबले हुए हैं, जिनमें फेई 7-6 से आगे हैं। सिंधू 2019 के बाद पहली बार उन्हें हराने के इरादे से उतरेंगी। अन्य मुकाबलों में पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अनमोल खरब और पुरुष युगल में हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी भी कड़े संघर्ष के बावजूद आगे नहीं बढ़ सकी।

### अदर पूनावाला आरसीबी के लिए 'मजबूत और प्रतिस्पर्धी' बोली लगाने के लिए तैयार

बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया ने बृहस्पतिवार को उस समय रफ्तार पकड़ी जब अदर पूनावाला ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बोली लगाने जा रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स मौजूदा आईपीएल चैंपियन हैं और लीग की 10 टीम में संभवत: सबसे ज्यादा प्रशंसक उनकी टीम के ही है। पुणे स्थित वैक्सीन निर्माता 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदर पूनावाला ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, आने वाले कुछ महीनों में मैं आईपीएल की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक आरसीबी के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी बोली पेश करूंगा। उन्होंने हालांकि बोली की समय-सीमा या संभावित राशि जैसे विवरण साझा नहीं किए।

## हम भारत में नहीं खेलेंगे लेकिन अब भी आईसीसी से न्याय की उम्मीद है: टी20 विश्व कप पर बांग्लादेश अड़ा



**ढाका:** बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा। आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है। हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। आईसीसी ने इस मामले में क्रिकेट स्कॉटलैंड को कोई सूचना दी है या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है क्योंकि उसकी सीईओ ट्रूडी लिंडब्लैड ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### टी20 विश्व कप को लेकर ईडन गार्डन्स की सुविधाओं से आईसीसी 'संतुष्ट'

**कोलकाता:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप से पहले प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स की सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एक संयुक्त निरीक्षण टीम ने स्टेडियम का दौरा किया और मैदान, कॉरपोरेट बॉक्स तथा अन्य सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे की समीक्षा की। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने यहां जारी बयान में कहा, 'आईसीसी टीम ने ऐतिहासिक मैदान, कॉरपोरेट बॉक्स और स्टेडियम की सभी सुविधाओं का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संस्था ने कहा कि वह एक सफल विश्व कप की मेजबानी को लेकर उत्सुक है। ईडन गार्डन्स में ग्रुप चरण के पांच मैच खेले जाने हैं, जिनमें उद्घाटन दिवस के तीन मुकाबलों में से एक भी शामिल है। इसके अलावा सुपर आठ चारण का एक मैच खेला जाना है। अगर पाकिस्तान अंतिम चार में जगह नहीं बनाता है तो यहां एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा।

## सरफराज और लाड के शतक, मुंबई चार विकेट पर 332 रन

**हैदराबाद:** सरफराज खान और सिद्धेश लाड के शानदार शतकों की बदौलत तालिका में शीर्ष पर चल रही मुंबई ने गुरुवार को यहां हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 332 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सरफराज ने 164 गेंदों में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 142 रन बनाते हुए अपना 17वां प्रथम श्रेणी शतक और सत्र का पहला शतक जड़ा। वहीं लाड ने 179 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों के साथ 104 रन की उम्दा पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 249 रन की बड़ी साझेदारी कर मुंबई की पारी को संभाला। मुंबई की शुरुआत तेज रही लेकिन उसने जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए और स्कोर तीन विकेट पर 86 हो गया। इसके बाद पांचवें नंबर पर आए सरफराज



ने लाड के साथ मिलकर पारी को स्थिरता दी। स्टंप के समय हिमांशु सिंह बिना खाता खोले सरफराज के साथ क्रीज पर थे। हैदराबाद की ओर से रोहित रायुडू ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान मोहम्मद सिराज और साई यादव ने एक-एक सफलता हासिल की। तीन जीत के साथ 24 अंक लेकर मुंबई ग्रुप में शीर्ष पर है। हैदराबाद को क्वार्टरफाइनल की उम्मीदें बनाए रखने के लिए शेष दोनों मुकाबले जीतने होंगे।

### जब स्थिति सामान्य हो जाएगी, तब 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई सामने आ जाएगी: गंभीर

**नयी दिल्ली:** भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इस प्रचलित धारणा को खारिज कर दिया है कि टीम चयन में उनके पास 'असीमित अधिकार' हैं और कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा उनकी भूमिका को 'प्रधानमंत्री के बाद सबसे मुश्किल काम' बताने के बाद खुद को 'अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किए जाने' पर उन्होंने हैरानी जताई है। क्रिकेट के शौकीन थरूर ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले गंभीर के साथ एक सेल्फी साझा की और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज की लगातार आलोचनाओं के बावजूद अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उनकी प्रशंसा व्यक्त की। थरूर ने ट्वीट किया, 'नागपुर में मेरे पुराने मित्र गौतम गंभीर के साथ अच्छी और खुलकर बातचीत का आनंद लिया, जो प्रधानमंत्री के बाद भारत में सबसे मुश्किल काम संभाल रहे हैं।



### फोनपे आईपीओ: 10000 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे वॉलमार्ट, टाइगर ग्लोबल, माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस



**नयी दिल्ली:** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे के शेयरधारक वॉलमार्ट, टाइगर ग्लोबल और माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस कंपनी के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में करीब 10,115 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी के अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसलिए आईपीओ के माध्यम से कंपनी कोई अतिरिक्त पूंजी नहीं जुटाएगी। फोनपे की प्रवर्तक डब्ल्यूएम डिजिटल कॉमर्स होल्डिंग्स पीटीई कंपनी में अपनी करीब 0.12 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 45,942,496 शेयर बेचेगी। सिंगापुर स्थित डब्ल्यूएम डिजिटल कॉमर्स होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड वॉलमार्ट के नियंत्रण वाली फोनपे की प्रवर्तक इकाई है। इसके अलावा, टाइगर ग्लोबल पीआईपी 9-1 द्वारा 10,39,160 शेयर जबकि माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस अनलिमिटेड कंपनी द्वारा 36,78,790 शेयर बिक्री पेशकश के जरिये बेचे जाएंगे। इस तरह, बिक्री पेशकश के जरिये करीब 10,115.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर की बिक्री की जाएगी जिसका आकलन प्रति शेयर के भारित औसत अधिग्रहण मूल्य के आधार पर किया गया है।

## भारत आर्थिक क्षेत्र के सभी साझेदारों के लिए खुला, वैश्विक कर्ज चिंताओं को लेकर सतर्क: वैष्णव

**दावोस:** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने आर्थिक परिदृश्य के सभी क्षेत्रों में साझेदारी के लिए अपनी स्पष्ट इच्छा जाहिर की है और वैश्विक कर्ज से जुड़ी चिंताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वैष्णव ने यहां 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि यहां मौजूद सभी 10 राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद के मंत्र के अनुरूप अपनी संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा, यहां भारत का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को किस तरह बदला और (क्षेत्रों के लिए) खोला है। इस बार का संदेश है कि भारत के साथ साझेदारी करें और भविष्य से जुड़ें। मंत्री ने कहा कि भारत ने दुनिया को यह भी बताया है कि वह नए विचारों के लिए भी खुला है। उन्होंने कहा, चाहे सेमीकंडक्टर उद्योग हो, कृत्रिम मेधा (एआई) हो, विनिर्माण हो, हरित ऊर्जा हो या



कोई अन्य क्षेत्र...हम हर जगह दुनिया के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। यहां 10 राज्यों की भागीदारी पर उन्होंने कहा, सभी राज्य मेहनत कर रहे हैं और जब राज्य विकास करते हैं तो देश अपने आप विकसित होता है। प्रधानमंत्री मोदी का राज्य स्तर का अनुभव अब पूरे देश को लाभ पहुंचा रहा है। अमीर देशों में बढ़ते कर्ज को लेकर भारत की चिंता को लेकर किए सवाल पर वैष्णव ने कहा कि अपनी व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति को देखते हुए भारत उन कुछ देशों में शामिल है जिनका कर्ज स्तर कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 57 प्रतिशत है जबकि सभी राज्यों को मिलाकर कुल स्तर पर यह अधिकतम 84-85 प्रतिशत तक जाता है। यह विकसित देशों के मुकाबले अब भी कम है जहां यह 120 प्रतिशत, 160 प्रतिशत और कुछ मामलों में 250-280 प्रतिशत तक है। वैष्णव ने कहा कि कर्ज के ये ऊंचे स्तर स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं। मंत्री ने कहा, जब कर्ज के ये पहाड़ ढहेंगे, तब यह समझना जरूरी होगा कि भारत जैसे देशों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भारत ने जानबूझकर अपने डॉलर कर्ज को कम रखा है और देश का कर्ज मुख्य रूप से रुपये में ही है।' वैष्णव ने कहा, डॉलर या विदेशी मुद्रा में कर्ज कम रखकर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती बढ़ती है। यह भारत को इस जोखिम से मुक्त करने का एक सचेत प्रयास है।

## भारत, म्यांमा ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की

**नयी दिल्ली:** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बृहस्पतिवार को यांगून में म्यांमा के उप वाणिज्य मंत्री यू मिन मिन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यांगून में 'दक्षिण एशिया कृषि मंच' के दौरान हुई बैठक में खरे ने मिन से कहा कि म्यांमा भारत के लिए उड़द और तुअर दालों का एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता साबित हुआ है। खरे ने कहा कि साल 2021 में हस्ताक्षरित पांच वर्षीय समझौता ज्ञापन के तहत कृषि उत्पाद, विशेष रूप से दाल द्विपक्षीय सहयोग का केंद्र बन गई हैं। यह समझौता भारत को सालाना न्यूनतम 2,50,000 टन उड़द और 1,00,000 टन तुअर आयात करने के लिए प्रतिबद्ध करता है, चाहे इन वस्तुओं के लिए भारत की आयात नीतियों में कोई भी बदलाव हो। खरे ने कहा कि इस व्यवस्था से दोनों देशों को फायदा हुआ है। इससे जहां भारतीय उपभोक्ताओं के लिए दाल के सस्ता होने के साथ उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, वहीं म्यांमा के किसानों को बाजार मिला है।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था सितंबर तिमाही में 4.4 प्रतिशत बढ़ी, दो साल में सबसे तेज

**वाशिंगटन:** मजबूत उपभोक्ता खर्च के दम पर अमेरिका की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में दो साल में सबसे तेज 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने बृहस्पतिवार को जुलाई-सितंबर, 2025 तिमाही के जीडीपी आंकड़े पहले के अनुमान से थोड़ा अधिक रहने की जानकारी दी। सितंबर तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था वार्षिक आधार पर 4.4 प्रतिशत बढ़ी जबकि अप्रैल-जून तिमाही में इसकी वृद्धि दर 3.8 प्रतिशत रही थी। विभाग ने पहले इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पिछली बार इतनी तेजी जुलाई-सितंबर तिमाही, 2023 में दर्ज की गई थी। जीडीपी में करीब 70 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला उपभोक्ता खर्च आलोच्य तिमाही में 3.5 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा, निर्यात में तेजी और आयात में कमी ने भी अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क एवं व्यापार नीतियों में अनिश्चितता के बावजूद दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था काफी हद तक जुझारू बनी हुई है।

## भू-राजनीतिक तनाव घटने से बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 398 अंक चढ़ा

**मुंबई:** वैश्विक बाजारों में मजबूती और ग्रीनलैंड मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 132 अंकों की तेजी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में हल्का सुधार आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 873.55 अंक उछलकर 82,783.18 अंक तक पहुंच गया था। लेकिन ऊपरी स्तर पर बिकवाली होने से यह उस तेजी को कायम नहीं रख सका। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 132.40 अंक यानी 0.53




प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 278.25 अंक की तेजी के साथ 25,435.75 के स्तर तक पहुंच गया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव शांत होने के सकारात्मक वैश्विक संकेतों से खरीदारी का रुझान लौटा। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की अनुकूल टिप्पणी ने भी बाजार की धारणा सुधारने का काम किया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, सन फार्मास्युटिकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी के शेयर लाभ में रहे।

### यूरोपीय संघ ने निर्यात लाभ छूट को स्थगित किया, भारतीय निर्यात होंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली:** यूरोपीय संघ (ईयू) ने एक जनवरी, 2026 से भारत और दो अन्य देशों को सामान्यीकृत तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) के तहत कुछ क्षेत्रों को दिए गए विशेष निर्यात लाभ को स्थगित कर दिया है। यह कदम 27 देशों वाले इस समूह को भारत से होने वाले निर्यात पर असर डालेगा। यह घटना इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत और यूरोपीय संघ 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर बातचीत पूरी होने की घोषणा कर सकते हैं। यूरोपीय संघ के आधिकारिक जर्नल के मुताबिक, यूरोपीय आयोग ने सितंबर, 2025 में नियम जारी किए थे, जिनके तहत जीएसपी लाभ पाने वाले कुछ देशों- भारत, इंडोनेशिया और केन्या के लिए यह निर्यात छूट एक जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2028 तक लागू नहीं होगी।

## न्यूज अपडेट

### सोना-चांदी में रिकॉर्ड तेजी का दौर थमा, मुनाफावसूली से फिसले दाम

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोना और चांदी के दाम रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गए। कमजोर वैश्विक संकेतों और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने के बीच मुनाफावसूली होने से दोनों कीमती धातुओं में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,500 रुपये यानी 1.56 प्रतिशत गिरकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में यह अब तक के उच्चतम स्तर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी ने भी अपनी लगातार नौ दिनों की रिकॉर्ड तेजी पर विराम लगाते हुए 14,300 रुपये यानी 4.3 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की और 3,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। इससे पहले सत्र में चांदी 11,300 रुपये चढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

### इंडिगो का लाभ तीसरी तिमाही में 78 प्रतिशत घटकर 549.1 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** विमानन कंपनी इंडिगो का लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 78 प्रतिशत घटकर 549.1 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी की पिछले महीने व्यापक स्तर पर उड़ानें रद्द हुईं थीं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन को पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 2,448.8 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन की कुल आय चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 24,540.6 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 22,992.8 करोड़ रुपये थी। इंडिगो को दिसंबर महीने की शुरुआत में व्यापक स्तर पर परिचालन व्यवधानों का सामना करना पड़ा था। इसके बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम को 10 फरवरी तक 10 प्रतिशत तक घटा दिया था।

### प्रधानमंत्री मोदी 'इंडिया एनर्जी वीक' का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे

**पणजी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 से 30 जनवरी के बीच दक्षिण गोवा में आयोजित होने वाले 'इंडिया एनर्जी वीक' (आईईडब्ल्यू) 2026 सम्मेलन का वीडियो लिंक के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री के महानिदेशक गुरमीत सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण गोवा जिले के बेतुल गांव में आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ सुल्तान अहमद अल जाबेर, कनाडा के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन के साथ-साथ अफ्रीका, पश्चिम एशिया, मध्य एशिया और ग्लोबल साउथ के वरिष्ठ मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उद्घाटन के बाद प्रतिनिधियों को ऑनलाइन संबोधित करेंगे।

### रुपया सात पैसे सुधरकर 91.58 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से सात पैसे सुधरकर 91.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणियों से भी बाजार धारणा में सुधार हुआ। ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के एक समझौते का ढांचा तय हो गया है और एक फरवरी से यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3482 अंक 292 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in